मेरठ से प्रकशित व बुलंदशहर, बागपत मुजफफरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, गाजियाबाद, हापुड, उत्तराखण्ड, हरियाणा में एक साथ प्रसारित

# दैनिक सर्वहित भारत

TITLE CODE: UPHIN47404

सत्य की खोज

सम्पर्क सूत्र—9837558066



वर्ष –01, अंक –240 | मेरठ, सोमवार 20 मार्च 2023 | पृष्ठ 08, मूल्य 5/रुपये

## फास्ट समाचार

### हाउस टैक्स हाफ, वाटर टैक्स माफ के वादे पर चुनाव लड़ेगी आप

**प्रयागराजः** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को प्रयागराज में कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश के सभी 763 नगर निकायों में अपने प्रत्याशी उतारेगी। इसमें 633 निकायों में प्रभारी घोषित कर दिए गए हैं।

हाउस टैक्स हाफ, वाटर टैक्स माफ के वादे पर चुनाव लड़ेगी। कहा कि आप जो वादा करती है, उसे पूरा भी करती है। नगरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि गौतम अदानी के मामले में निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। कहा कि इसके लिए आप सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी।

### देश को तोड़ने वालों की जगह जेल में: केशव प्रसाद मौर्य

**कानपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यसमिति में कहा कि जो लोग देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, उनकी जगह जेल में है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बार बजट में किसानों के बिजली के बिल माफ करने की व्यवस्था की है और निजी नलकूपों का जो भुगतान होगा वह सरकार करेगी। तिलक नगर स्थित विजय विला होटल में आए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी विदेशों में जिस तरह का गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, उसके चलते 2024 के चुनाव में कांग्रेस 2014 से भी बुरी स्थिति में होगी।

# शत्रु संपत्ति से निपटने के लिए भारत सरकार ने शुरू की प्रक्रिया

## ई- प्लेटफॉर्म के जरिए होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले लोगों द्वारा छोड़ी गई अचल संपत्तियों को बेदखल करने और बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। देश में कुल 12,611 प्रतिष्ठान को शत्रुओं की संपत्ति माना जाता है, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। यह सभी संपत्तियां भारत के शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक (सीईपीआई) में निहित हैं। गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, शत्रु संपत्तियों के निपटान के लिए दिशा-निदेशों में बदलाव किया गया है, जिसके तहत संपत्तियों की बिक्री से पहले संबंधित जिला मजिस्ट्रेट या उपायुक्त की मदद से इनको खाली करने की प्रक्रिया शुरू की



जाएगी। 1 करोड़ रुपये से कम मूल्य की शत्रु संपत्ति के मामले में, संरक्षक पहले रहने वाले को खरीदने की पेशकश करेगा और यदि कब्जा करने वाले इसे खरीदने से मना करते हैं, तो शत्रु संपत्ति को दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार निपटाया जाएगा। जिन शत्रु संपत्तियों का मूल्यांकन एक करोड़ रुपये और 100 करोड़ रुपये से कम है, उन्हें सीईपीआई द्वारा ई-नीलामी के माध्यम से या जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई शत्रु संपत्ति निपटान समिति द्वारा निर्धारित दर पर बेचा जाएगा।

गृह मंत्रालय ने कहा कि शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए सीईपीआई द्वारा सार्वजनिक उद्यम के ई-नीलामी प्लेटफॉर्म 'मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉरपोरेशन लिमिटेड' का इस्तेमाल किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने शत्रु संपत्तियों के निपटारे से 3,400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, इसमें ज्यादातर चल संपत्तियां जैसे शेयर और सोना है। सरकार द्वारा अब तक 12,611 अचल शत्रु संपत्ति में से किसी का भी मुद्रीकरण नहीं किया गया है। गृह मंत्रालय ने पहले ही 20 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में फैली शत्रु संपत्तियों का राष्ट्रीय सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान करना और बाद में उनका मुद्रीकरण करना है। रक्षा संपदा महानिदेशालय (डीजीडीई) द्वारा अपनी तरह का पहला राष्ट्रीय सर्वेक्षण सीईपीआई द्वारा पहचानी गई शत्रु संपत्तियों की वर्तमान स्थिति और मूल्य का आकलन करेगा।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

# लोकतंत्र में विश्वास न करने वालों के लिए कोई जगह नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने राहुल पर लोकतंत्र की सभी सीमाओं को लांघने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से 'ताला, स्टॉक और बैरल' पैक करके भेजा जाना चाहिए।

चेन्नई में 'राष्ट्रीय युवा संसद' का उद्घाटन करने के बाद अपने वर्चुअल संबोधन में नड्डा ने कहा, 'जो लोग लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते उनकी लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस मानसिक रूप से दिवालिया हो गई है।

नड्डा ने आरोप लगाया कि गांधी ने अमेरिका और यूरोपीय देशों जैसी विदेशी शक्तियों को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए उकसाया। नड्डा ने अपने संबोधन में आगे कहा कि राहुल



गांधी ने लोकतंत्र की सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने कहा कि वह किस तरह के बयान देते हैं, भारत के लोग उनकी बात नहीं सुनते, बल्कि उन्हें बर्दाश्त करते हैं। राहुल गांधी ने भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में अपनी शर्मनाक टिप्पणी से न केवल देश का अपमान किया है, बल्कि विदेशों को भी हमारे देश में हस्तक्षेप करने के लिए आमंत्रित किया है।

संसद के बजट सत्र के दौरान भाजपा ने राहुल गांधी से माफी की मांग की है। दरअसल, लंदन में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र की संरचना पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी की इस टिप्पणी के बाद से राजनीतिक गतिरोध पैदा हो गया। भाजपा ने राहुल पर विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने और विदेशी हस्तक्षेप की मांग करने का आरोप लगाया है।

# कोरोना ने फिर पकड़ी रफ्तार, 526 नए मामले आए सामने

## एक्टिव केस की संख्या पहुंची 5,915

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में एक बार फिर से कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ने लगे हैं। तो वहीं अब कोरोना के नए वैरियेंट ने भी अपनी दस्तक दे दी है। कोविड-19 महामारी फैलाने वाले कोरोना वायरस के नये स्वरूप एक्सबीबी1.16 के अब तक 76 मामले दर्ज किए गए हैं। तो वहीं अब आज देश में एक दिन में कोरोना के 500 से अधिक कोविड मामले दर्ज किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, भारत में आज कोरोना के 526 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इससे कोविड के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 5,915 तक पहुंच गई है। जो कुल संक्रमणों का 0.01% है। तो वहीं अब तक 4 करोड़ 41 लाख 58 हजार 703 लोग वायरस से ठीक हो चुके हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार शनिवार को, एक दिन के कोविड मामलों में उल्लेखनीय उछाल आया था। बीते दिन भारत में कोविड के 843 नए मामले दर्ज किए गए थे। यह 126 दिनों के बाद आए मामलों में सबसे अधिक थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, झारखंड और महाराष्ट्र में पहले एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि आज कोई मौत नहीं हुई है।

# इन्फ्लूएंजा एच3एन2: समय पर बरतें सावधानी', विशेषज्ञ बोले- घबराने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में कमी आने के बाद इन्फ्लूएंजा एच3एन2 के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। ऐसे में विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

विशेषज्ञों ने कहा कि अगर समय पर सावधानी बरती जाए, तो घबराने की जरूरत नहीं है। वायरस के लक्षणों के बारे में बात करते हुए दिल्ली के अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर अनुपम सिब्बल ने बताया कि एच3एन2 के लक्षण कोविड-19 जैसे ही हैं, लेकिन यह लंबे समय तक बने रहते हैं।

उन्होंने बताया कि समय-समय पर वायरस में परिवर्तन देखने को मिलते हैं। इन्फ्लूएंजा के लक्षण कोरोना के बाद दिखाई दे रहे हैं, हालांकि इसके लक्षण लगभग कोरोना जैसे ही हैं। इसके लक्षण में खांसी, जुकाम और बुखार शामिल है, लेकिन मरीजों में इसके लक्षण लंबे समय तक दिखाई दे रहे हैं जिसकी वजह से यह तेजी से फैल रहा है।

इसी बीच उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान हम जो सावधानियां बरत रहे थे, उनका पालन करना चाहिए। मास्क पहने, हाथों को साफ रखें। इसके साथ ही अगर किसी व्यक्ति में




खांसी, जुकाम या बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं, तो उस व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना बेहद जरूरी है।

डॉ. सिब्बल ने कहा कि वायरस से बचने के लिए बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। माता-पिता को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि अगर वो बच्चों को स्कूल या फिर बाहर खेलने के लिए भेज रहे हैं, तो वो खांसी और सर्दी से पीड़ित न हों और अगर किसी बच्चे में लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें दूसरे बच्चों के संपर्क में नहीं आना चाहिए। अपोलो हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर आदित्य भाटी ने बताया कि यूं तो वायरस इंसान के सभी अंगों को प्रभावित करता है, लेकिन ब्रेन स्ट्रोक और ब्रेन हैमरेज जैसे मामलों में दिमाग पर ज्यादा असर देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वायरस पूरे शरीर में कहीं भी जा सकता है। इसकी वजह से हमारी नसें पतली हो जाती हैं। पिछले कुछ सालों में ऐसे मामले आए हैं। हालांकि, इनकी संख्या ज्यादा नहीं है।

# यूट्यूबर मनीष कश्यप ने किया सरेंडर, कुर्की में घर का सारा सामान जब्त; खिड़की-दरवाजे उखाड़ ले गई पुलिस

**बेतिया।** तमिलनाडु में बिहारी श्रमिकों पर हमले का झूठा और भ्रामक वीडियो प्रसारित करने के आरोपी मनीष कश्यप ने शनिवार को सरेंडर कर दिया। पुलिस टीम शनिवार सुबह यूट्यूबर मनीष कश्यप के घर कुर्की करने पहुंची, इसके बाद आरोपी ने सरेंडर किया। पुलिस के दर्जन भर पदाधिकारी शनिवार सुबह करीब पांच बजे मनीष कश्यप के मझौलिया थाना क्षेत्र के महानवा



गांव में पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी। चंपारण रेंज के डीआईजी जयंत कांत, एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा की मौजूदगी में पुलिस ने मनीष कश्यप के घर के एक-एक सामान को जब्त कर लिया।

पुलिस ने घर के दरवाजे और खिड़कियां भी उखाड़ ली। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ लगी रही। ट्रैक्टर पर लोड कर सामान को मझौलिया थाना में लाया गया है। इधर, कुर्की की जानकारी होने पर मनीष कश्यप ने जगदीशपुर ओपी में सरेंडर कर दिया है।

डीआईजी और एसपी के जगदीशपुर ओपी में पहुंचने वाले है। मनीष कश्यप के घर की कुर्की किस मामले में की गई है, अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों पर हमला के फेक वीडियो वायरल करने के मामले में पटना में उसके खिलाफ मामला दर्ज है। जबकि बेतिया में भी उसके खिलाफ पहले से मामले दर्ज हैं।

इसके अलावा, मनीष के खिलाफ ट्विटर पर खुद की गिरफ्तारी का झूठा पोस्ट डालने का भी आरोप है। इसको लेकर भी उसपर प्राथमिकी दर्ज की गई।

## बीजेपी को है पूरी उम्मीद

# गुजरात की तरह कर्नाटक में भी चलेगा मोदी मैजिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2022 के गुजरात विधानसभा चुनावों में बीजेपी की प्रचंड जीत ने कर्नाटक में पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को अब और अधिक उत्साहित कर दिया है। कर्नाटक में अगले पांच महीनों में चुनाव होने वाले हैं।

राज्य में भगवा पार्टी आगामी चुनावों में चमत्कार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जादू पर भरोसा करती दिख रही है और पार्टी को विश्वास है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में भाजपा फिर से राज्य में अपनी सरकार बनाएगी।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. राज्य में भाजपा सरकार को सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले येदियुरप्पा ने हाल ही में चुनावी राजनीति छोड़ दी और अब वो पार्टी के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य हैं। सभी राजनीतिक समीकरणों को ठीक करने का दावा करने वाली भगवा पार्टी आगामी राज्य चुनावों की तैयारियों में जुटी है और 'मिशन 150' को अपना लक्ष्य बनाने की तैयारी में है।

बीजेपी द्वारा पार्टी के अंदर कलह की अफवाहों का खंडन करने के साथ, पार्टी के राज्य स्तर के भीतर दरार काफी स्पष्ट दिखाई दे रही है।

राज्य में सरकार चला रही भाजपा 2018 के विधानसभा चुनावों की तरह ही आगामी राज्य चुनावों में भी प्रचंड बहुमत हासिल करना चाहती है।

भाजपा अपने स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पर निर्भर है। इसका उद्देश्य मोदी लहर पर सवार होकर दूसरी बार कर्नाटक में सत्ता में वापसी करना है।

# चेतना एवं जागरूकता ही नशे की बुरी आदत से बचाव का सर्वोत्तम रास्ता है: डॉ. नीरज टंडन

**सर्वहित भारत**

18 मार्च 2023 को नोएडा के निठारी गांव के सामुदायिक केंद्र में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के निवारण संबंधी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य था कि समाज के सभी आयु वर्गों को इस संबंध में जानकारी देकर जागरूक करना। चेतना एवं जागरूकता ही नशे की बुरी आदत से बचाव का सर्वोत्तम रास्ता है।

निठारी गांव की ग्राम प्रधान श्रीमती विमलेश शर्मा ने बताया कि बड़ी तेजी से गांव के बच्चे नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं जो कि गंभीर चिंता का विषय है। इसी मकसद से इस कार्यशाला में विशेष रूप से 6 साल के बच्चे से लेकर 18 साल से अधिक आयु के युवाओं एवं माता-पिता को भी शामिल किया गया।

सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वधान में अखिल भारतीय पिछड़ा एवं दलित वर्ग कल्याण संगठन के अध्यक्ष डॉ.नीरज टंडन ने इस सामाजिक समस्या की गंभीरता को देखते हुए जागरूकता कार्यशाला के आयोजन एवं संचालन की पहल की ।

डॉ. नीरज टंडन के नेतृत्व में सामाजिक रक्षा संस्थान द्वारा प्रशिक्षित प्रवक्ता श्री वीरेंद्र कुमार ने कार्यशाला में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के कारणों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए इसके निवारण पर ध्यान केंद्रित किया। नशीले पदार्थों के उपयोग से होने वाली स्वास्थ्य संबधी गंभीर बीमारियों के बारे में भी बात की। यह भी बताया कि नशीले पदार्थों का उपयोग समाज में बढ़ती हिंसा और अशांति का एक मुख्य कारण है।

इस कार्यशाला में भाग लेने वाले लोगों ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से जुड़ी समस्याओं के साथ इसकी रोकथाम के लिए नए उपायों पर खुल कर विचार विमर्श किया।






कार्यशाला में सभी उपस्थित लोगों ने मादक पदार्थों का सेवन न करने, दूसरों को करने से रोकने और इस कुरीति से बचने के लिए एकजुट होकर काम करने की शपथ भी ली।

इस कार्यशाला में लगभग 160 लोगों ने हिस्सा लिया जिसमें बच्चे, माता पिता एवं अन्य स्त्री पुरुष भी शामिल रहे।

इस आयोजन को सफल बनाने में समुदाय के सदस्यों का सकारात्मक सहयोग भी प्राप्त हुआ।

# भारतीय जनता पार्टी की मण्डल हरिद्वार दक्षिण का माननीय राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर शक्ति केंद्र सम्मेलन का आयोजन

**मो. साजिद, सर्वहित भारत**

**सुल्तानपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने आने वाले 2024 में लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के मंडल हरिद्वार ग्रामीण दक्षिण बाणगंगा 2(धारीवाला) में स्थित श्री महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में आज बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिए गए अभिभाषण के विषय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सैनी, बूथ अध्यक्ष सतीश चौहान, विस्तारक मास्टर कृष्णपाल चौहान,बूथ सशक्तिकरण विस्तारक डॉ अशोक कुमार, जिला मंत्री नेत्रपाल चौहान युवा मंडल महामंत्री सतीश चौहान,तेजपाल चौहान मंडल महामंत्री ने पहुंचकर कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो चुनाव में और चुनाव से पहले भी कार्यकताओं से संवाद बनाए रखती है और भाजपा के कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच जाकर अपनी नीतियों और रितियो और सरकार की उपलब्धि का प्रचार प्रसार करते रहते हैं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं जिनके बल पर भारतीय जनता पार्टी भारत की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रभारी डॉ अशोक चौहान ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बूथ को मजबूत कर पन्ना प्रमुख तक की प्रक्रिया के बारे में कार्यकताओं को बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को प्रत्येक व्यक्ति और मतदाता से संपर्क करना है। इस अवसर पर मंडल प्रभारी जितेंद्र सैनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत विधानसभा के प्रत्येक कार्यकर्ता से संपर्क कर बूथ की संरचना की जाएगी। इस मौके पर बूथ विस्तारक कृष्णपाल चौहान ने कहा कि प्रत्येक शक्ति केंद्र पर सम्मेलन कर महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढ़ा जाएगा जिससे कि सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेत्रपाल सिंह चौहान ने की और उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में ही नहीं बल्कि विदेशो में अपना लोहा मनवा दिया है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सैनी जिला मंत्री नेत्रपाल चौहान,अशोक चौहान सशक्तिकरण प्रभारी, सतीश चौहान भूथ अध्यक्ष, बूथ विस्तारक मास्टर कृष्ण पाल चौहान, सतीश चौहान, तेजपाल चौहान मंडल महामंत्री आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।





# अनाधिकृत जमीन पर मूर्ति लगाने पर हुआ विवाद

**मो. साजिद, सर्वहित भारत**

**लक्सर।।** खानपुर के ब्राह्मणवाला गांव में एक समुदाय पक्ष के लोगों ने बीती रात खाली जमीन पर एक महापुरुष की प्रतिमा लगा दी। सुबह में दूसरे ग्रामीणो को पता चलने पर उन्होंने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उक्त जमीन ग्रामसभा की जमीन है। अवैध प्रस्ताव के बिना वहां भूमि पर प्रतिमा लगाना गलत है, उधर, दूसरे पक्ष का कहना था कि इसी जमीन के एक हिस्से पर काफी पहले से दूसरे समुदाय के देवस्थान बने हैं। परंतु दूसरे हिस्से में प्रतिमा लगाने से उन्हें रोका जा रहा है, इस पर दोनों पक्षों में तनाव हो गया। सूचना मिलते ही लक्सर एसडीएम गोपालराम बिनवाल और सीओ मनोज ठाकुर तत्काल भारी पुलिसबल लेकर मौके पर पहुंचे, तथा स्थिति को संभाला। तब तक भीम आर्मी के काफी लोग भी वहां पहुंच गए थे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से अलग -अलग बात करने के बाद ग्रामसभा की जमीन की पैमाइश कराने का आश्वासन दिया। कहा जमीन सार्वजनिक होगी, तो उसके ऊपर से सारा अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके बाद कानूनगो और हल्का लेखपाल के साथ राजस्व टीम ने पैमाइश शुरू कर दी है। तनाव के मद्देनजर गांव में पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई वही एसडीएम बिनवाल ने बताया कि सरकारी जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच मतभेद है। इस की पैमाईश की जा रही है, दावा किया कि स्थिति नियंत्रण में है। इस मामले में भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि उन्होंने भी मूर्ति लगाने की जमीन को अनाधिकृत बताया और कहा कि मूर्ति को अनाधिकृत जमीन पर लगाया गया था जिसे सहमति के बाद हटा लिया गया है। प्रशासन से जमीन की मांग की गई है जमीन मिलते ही मूर्ति को स्थापित कर दिया जाएगा। गांव में तनाव को लेकर लक्सर सीओ मनोज ठाकुर ने बताया है कि आज सुबह गांव में ग्राम समाज की जमीन पर मूर्ति लगाने की सूचना मिली थी। बताया गया था कि गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। हम पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए और मामले को ग्रामीणों की मदद से सुलझा लिया गया है। फिलहाल मूर्ति को हटवा दिया गया है अब गांव में माहौल शांत बना हुआ है। लक्सर एसडीएम गोपाल राम बिनवाल ने बताया कि जिस जमीन पर मूर्ति को लगाया गया था। वह जमीन एससी समाज की नहीं है उस पर अनाधिकृत रूप से मूर्ति लगाई गई थी। जिसे काफी कोशिशों के बाद ग्रामीणों के समझौते के अनुसार हटवा दिया है अनाधिकृत जमीन पर किसी भी प्रकार की मूर्ति नहीं लगाने दी जाएगी फिलहाल मामले को सुलझा लिया गया है। ओर अधिकारी भले ही मामले को ग्रामीणों की मदद से सुलझाने की बात कर रहे हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है जमीनी हकीकत यह है कि मूर्ति को हटाने के लिए पुलिस को बल पूर्वक प्रयोग करना पड़ा मूर्ति के आसपास बैठी महिलाओं को पुलिस ने जबरदस्ती हटाना पड़ा काफी देर तक ग्रामीणों और पुलिस के बीच मामला तनावपूर्ण बना रहा जिसके बाद पुलिस ने मूर्ति को हटावा दिया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली, तीन फरार

**सर्वहित भारत**
**संवाददाता, कृष्ण कुमार**

यू.पी.के मुजफ्फरनगर में पुलिस और बदमाशों के बीच चेकिंग के दौरान रविवार सुबह मुठभेड़ हो गई. इस मुठभेड़ में दो बदमाश आस मोहम्मद और इनाम पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए जबकि उनके दो अन्य साथियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है.हालांकि पकड़े गए बदमाशों के तीन साथी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए. पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक पिकअप गाड़ी, दो तमंचे और चार कारतूस सहित देर रात लूटी गई लाखों रुपए की लोहे की प्लेटों को भी बरामद किया है.

पुलिस ने फिलहाल घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया है जहां उनका इलाज चल रहा है. मामला तितावी थाने क्षेत्र स्थित बघरा गांव के जंगल का है जहां चेकिंग के दौरान पिकअप गाड़ी सवार आधे दर्जन लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई.

इस मुठभेड़ में 2 शातिर लुटेरे बदमाश आस मोहम्मद और इनाम पैर में गोली लगने से घायल हो गए जबकि इनके दो अन्य साथियों को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया लेकिन तीन बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गए.



बता दें की मुठभेड़ में घायल और पकड़े गए बदमाशों ने देर रात्रि पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तितावी पुल बनाने में इस्तेमाल होने वाली लाखों रुपए की प्लेटों को लूट लिया था. इसी घटना के बाद पुलिस बदमाशों के पीछे लगी हुई थी.

इस घटना को लेकर सीओ फुगाना देवव्रत वाजपेई ने बताया कि 19 मार्च को तितावी पुलिस को मिल के पास लूट की सूचना मिली थी. पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने के लिए दो टीमें बनाई जिसके बाद पुलिस ने अपनी तफ्तीश शुरू की. पुलिस को सूचना मिली कि एक गाड़ी बघरा जंगल की तरफ गई है, पुलिस ने उसका पीछा किया.

बदमाशों को जब जंगल में रास्ता नहीं मिला तो वो उतरकर भागने लगे और पुलिस से बचने के लिए फायरिंग करने लगे. पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें दो बदमाश आस मोहम्मद और इनाम को गोली लग गई.

# डॉ. अंजली सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर देशज सम्मान से किया सम्मानित

## किसी की मदद करने के लिए मन बड़ा होना चाहिए ना कि धन, पद या प्रतिष्ठा: डॉ० अंजली सिंह

**सर्वहित भारत**

**आगरा।** रविवार को आगरा में आयोजित देशज फाउंडेशन ट्रस्ट के दसवें स्थापना दिवस पर नवदेशज स्मारिका का लोकार्पण किया गया व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को देशज सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० अंजली सिंह को देशज सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने पर पीसीएस अधिकारी एवं गाजियाबाद के नगर मजिस्ट्रेट



गंभीर सिंह को शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंजली सिंह ने बताया कि जब हम समाज के लिए थोड़ा भी काम करते हैं तो उसके बदले समाज हमें बहुत कुछ देता है जो अनमोल होता है। उन्होंने कहा कि किसी की मदद करने के लिए मन बड़ा होना चाहिए ना कि धन, पद या प्रतिष्ठा। उन्होंने देशज फाउंडेशन ट्रस्ट के दसवें स्थापना दिवस पर पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी व देशज सम्मान के लिए आभार जताया।

इस अवसर पर नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश चंद्रा, राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आरबीएस पुष्कर, प्रदेश संयोजक अरविंद पुष्कर एवं गाजियाबाद जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

# रीना गुप्ता बीसीआर अवार्ड- 2023 से सम्मानित

## समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वरिष्ठ सांसद राम चंद्र जांगड़ा ने किया सम्मान

**सर्वहित भारत**

**सहारनपुर।** राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ी रीना गुप्ता को दिल्ली में ह्य11वें बीसीआर ग्लोबल ऑइकोनिक अवार्ड- 2023ह्व से सम्मानित किया गया। राज्य सभा के वरिष्ठ सांसद राम चंद्र जांगड़ा ने समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रीना गुप्ता को सम्मानित किया।

ह्यबीसीआर अवार्डह्व की 11वीं कड़ी में दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में देशभर से समाज सेवा, हिन्दी साहित्य, महिला सशक्तिकरण, पत्रकारिता और फिल्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए कई प्रतिभाओं को ह्यबीसीआर अवार्ड - 2023' से सम्मानित किया गया। सम्मान की श्रंखला



में समाज सेवा के क्षेत्र के लिए सहारनपुर के शारदा नगर निवासी रीना गुप्ता को ह्य11वें बीसीआर ग्लोबल ऑइकोनिक अवार्ड- 2023ह्व से सम्मानित किया गया। रीना गुप्ता जनजागरूकता अभियान के माध्यम से बेटियों और महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए जागरूक करने का कार्य करती हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) परिवार से ताल्लुक रखने वाली और राष्ट्र सेविका समिति और सेवा भारती सहित कई स्वयंसेवी संगठनों से जुड़ी हुई रीना गुप्ता को इससे पहले भी कई प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। समाज सेवा के क्षेत्र के लिए काफी वर्षों से उल्लेखनीय कार्य कर रही रीना गुप्ता को इस सम्मान से नवाजे जाने पर परिजनों सहित सामाजिक कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# हम सभी ओबीसी वर्ग से आने वालों को गर्व होना चाहिए : केशव प्रसाद मौर्या

**सर्वहित भारत**

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति दिनांक 19 मार्च 2023 को होटल विजय कॉन्टिनेंटल में कुशलता से संपन्न हुई, जिसका उद्घाटन व प्रथम सत्र सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने संबोधित किया, उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा जी, उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रदेश मंत्री भाजपा व प्रदेश सह प्रभारी पूनम बजाज रहीं तथा अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार कश्यप जी ने की।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ने बताया कि पिछड़ा वर्ग मोर्चे की जिम्मेदारी जब से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के लक्ष्मण प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार कश्यप जी को मिली है तब से उन्होंने अपने कुशलता से पिछड़ा वर्ग मोर्चे को संगठन पटल के अग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है । हम सभी ओबीसी वर्ग से आने वालों को यह गर्व होना चाहिए कि आज विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली भारत के प्रधानमंत्री यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी पिछड़े वर्ग से आते हैं, हमें यदि व्यक्तिगत अथवा सांगठनिक जीवन में विकास की ओर अग्रसर होना है तो उन्हें अपना प्रेरणापुंज बनाना चाहिए । आज इस प्रदेश कार्यसमिति में हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि ओबीसी मोर्चे के कार्यकताओं को प्रत्येक बूथ पर 10 से 100 तक की संख्या में तैयार करना चाहिए लगाना चाहिए । इस बार हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने आम चुनाव 2023 हेतु 400 पार का नारा दिया है । माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व के देन है आज कि देश के 3.5 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्का मकान और छत मिली, इसके साथ सैकड़ों योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रही है तो यह सिर्फ और सिर्फ भाजपा और नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ और स्पष्ट नेतृत्व की देन है । आज विश्व पटल पर जब कोई देश संकट में होता है तो उसे भारत और तिरंगे झंडे का सहारा लेना पड़ता है । इन्हीं प्रमुख विषयों के साथ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के निरंतर विकास किस कर प्रकार हो इस पर भी मार्गदर्शन दिया ।मोर्चे के प्रदेश प्रभारी व सूबे के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी कार्यसमिति को संबोधित किया ।



द्वितीय सत्र का संबोधन केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने मार्गदर्शित किया अपने उद्बोधन में कार्यकताओं को समय का ध्यान देना, अनुशासन, परिश्रम की पराकाष्ठा, निष्ठा व धैर्य के साथ संगठन के कार्यों को करने का मार्गदर्शन दिया । उन्होंने बताया कि एकमात्र भारतीय जनता पार्टी ही है जो कार्यकर्ता आधारित पार्टी है ।

तृतीय सत्र मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने संबोधित किया अपने पूरे संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने आगमी तमाम कार्यक्रमों को करवाने हेतु विषयों पर पदाधिकारियों का ध्यान आकर्षण किया, जिसमें मुख्यतः 31 मार्च तक मंडल तक के सभी कार्यकारिणी को पूर्ण करने, 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अभियान ₹गांव गांव चलो, घर घर चलो₹ के माध्यम से अपने सरकार की उपलब्धियों को ग्राम ग्राम के प्रत्येक घरों तक पहुंचाना है । ओबीसी मोर्चे के प्रत्येक पदाधिकारियों चाहे वो राष्ट्रीय हो प्रादेशिक हो, क्षेत्रीय हो, जनपदीय हो अथवा मंडल का पदाधिकारी हो सभी प्रत्येक पदाधिकारियों को दस दस गांव गोद लेकर यह अभियान सफल करना होगा । इसके अतिरिक्त 6 अप्रैल भाजपा का स्थापना दिवस, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फूले की जन्म जयंती तथा 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में पूर्व व्यवस्था के साथ मनाने का निर्देश भी दिया ।

चतुर्थ सत्र का मार्गदर्शन ओबीसी मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉक्टर के लक्ष्मण जी ने किया, अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि कांग्रेस के पिछले 60 वर्षो के शासनकाल में भी वह भी सम्मान नहीं मिला जो भाजपा व मोदी जी की सरकार में प्राप्त हुआ है, मा मोदी जी के ही नेतृत्व में देश में पहली बार केंद्रीय विद्यालयों व नवोदय विद्यालयों से लेकर आज एमबीबीएस, नीट जैसी बड़ी संस्थाओं में 27% का सम्मान रूपी ओबीसी आरक्षण प्राप्त हुआ है ।

अगले सत्र का संबोधन पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन व भाजपा ओबीसी मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज अहिर ने सरकार की तमाम योजनाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि आज भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी को पूर्णतः पैदल कर दिया है तभी उन्हें आज भारत जोड़ी यात्रा रूपी पैदल यात्रा करनी पड़ रही है ।कार्यसमिति का समापन सत्र भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी जी का उद्बोधन हुआ, जहां उन्होंने आगामी नगर निकाय के चुनावों के संदर्भ में बताया कि चुनाव ओबीसी आरक्षण के आधार पर ही निकाय चुनाव होंगे । सपा और बसपा पूर्णतः परिवारवादी पार्टी है लेकिन भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है और यहां के निर्णय सदैव कार्यकर्ता को प्राथमिकता देते हुए होते हैं । यह भाजपा और उसके कार्यकताओं की ताकत है जो लोग आज जनेऊ पहन कर मंदिरों के चक्कर लगा रहे हैं ।

आभार ज्ञापन के साथ प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने यह विश्वास दिलाया कि भाजपा ओबीसी मोर्चा इस बार आगमी लोकसभा व नगर निकाय के चुनावों में क्लीन स्वीप करेगा ।

प्रदेश कार्य समिति बैठक में प्रदेश के उपाध्यक्ष प्रकाश पाल विजय बहादुर पाठक प्रदेश मंत्री पूनम बजाज प्रदेश महामंत्री विनोद यादव संजय पटेल रामचंद्र प्रधान जयप्रकाश कुशवाहा मनीष योगी प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ जयसवाल भरत राजपूत मनोज राजपूत वीरपाल ज्योति सोनी विमलेश वर्मा प्रवीण कुशवाहा विजय गुप्ता श्याम बाजार शिवमंगल राठौर श्याम बाजपाई एवं प्रदेश पदाधिकारी गण समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# इन्फ्लुएंजा की दस्तक

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में अचानक होने वाले बदलावों से जो सर्दी-गर्मी की स्थिति पैदा हो रही है, वह कई तरह के रोगों को जन्म दे रही है। इसी क्रम में देश के विभिन्न भागों में इन्फलएंजा की दस्तक चिंता बढ़ाने वाली है। जिसमें खांसी, बुखार, गले में जलन, ब्रॉन्काइटिस जैसी फेफड़ों से जुड़ी तकलीफें लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। चिंता इसलिये भी है कि इसके लक्षण कोविड वायरस जैसे ही हैं। वैसे तो यह वायरस दो-तीन दिन में ठीक हो सकता है लेकिन यदि कई हफ्ते तक प्रभाव रहता है तो कारगर इलाज की जरूरत महसूस की जाती है। इन्फ्लुएंजा के एच3एन2 वायरस के प्रभाव की वजह मौसम का अचानक सर्द व गर्म होना कहा जा रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग सावधानी रखने की बात कह रहे हैं। कहा जा रहा है कि भारत की बड़ी आबादी को प्रतिरोध टीके लगे होने की वजह से स्थिति नियंत्रण में ही रहेगी क्योंकि अधिकांश लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो गई है। इसके बावजूद वायरस के प्रसार के चलते सावधानी बरतना व्यक्ति के हित में रहता है। यही वजह है कि सामान्य खांसी, जुकाम,बुखार के लक्षण दिखने पर साफ-सफाई, भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचने व मास्क के प्रयोग की सलाह भी दी जा रही है। यानी लोगों को कोरोनोचित व्यवहार को इस संक्रमण में लाभदायक बताया जा रहा है। हालांकि भारत जैसे सघन आबादी वाले देश में इसके प्रसार का जोखिम लगातार बना रहता है। जिसमें सावधानी ही कारगर उपाय कहा जा सकता है। कर्नाटक में एक व्यक्ति की मौत ने चिंता बढ़ाई है हालांकि उम्रदराज व्यक्ति पहले ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह समेत कई रोगों से पीड़ित बताया जाता है। हालांकि, ऐसी बात हरियाणा में एक व्यक्ति को लेकर कही जा रही है, लेकिन सरकारी स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

वहीं दूसरी ओर चिकित्सा विशेषज्ञ इन्फ्लुएंजा के विषाणु को ज्यादा घातक नहीं मान रहे हैं लेकिन स्वच्छता के उपाय तथा खानपान की सजगता को मददगार मान रहे हैं। जिससे शरीर में इसके विषाणु प्रवेश न कर सकें तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बने। बहरहाल, लोगों में भय-असुरक्षा फैलने से रोकने के लिये समय रहते बचाव की तैयार होनी चाहिए। दरअसल, इन्फ्लुएंजा- ए वायरस के एच3एन2 सब-टाइप के लगातार बढ़ते मामलों ने इसलिये चिंता बढ़ाई है क्योंकि इसके अधिकांश लक्षण कोविड-19 जैसे हैं। जो वायु-प्रदूषण से तेजी से फैल सकता है। एक रोगी में कफ, बुखार, उल्टी, गले व शरीर में दर्द, थकान व आंतों में दर्द जैसे लक्षण दिखायी देते हैं। जबकि कम रोगप्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चों, बूढ़ों तथा बीमार लोगों को यह जल्दी गिरफ्त में लेता है। आईसीएमआर के अनुसार कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों के लिये यह एक चुनौती है। पश्चिम बंगाल में पहले इसने बड़ी संख्या में बच्चों को निशाने पर लिया है। लेकिन यदि बुखार लंबे समय तक कम न हो और सांस लेने में परेशानी हो तो डॉक्टर की सलाह लेने से परहेज नहीं करना चाहिए। वहीं ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल 95 से कम होने पर चिकित्सीय सलाह की बात कही जा रही है। वहीं आइएमए ने एंटीबायटिक दवाओं से परहेज की बात कही है। दरअसल, आईसीएमआर ने संक्रमण रोकने के लिये वही उपाय बताए हैं जो कोरोना से बचाव के दौरान निर्धारित किये गये थे। वहीं इम्युनिटी बढ़ाने के लिये अधिक साग-सब्जी, तरल पदार्थों और पोषक तत्वों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। ज्यादा आराम व गुनगुने पानी के उपयोग की भी सलाह दी जा रही है। लेकिन चिंता तब होगी यदि वायरस म्यूटेशन करता है। उस स्थिति में दुबारा संक्रमित होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों को लेकर ज्यादा सतर्क रहना होगा। संक्रमण की स्थिति में मधुमेह, हृदय रोग व कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को इन्फ्लुएंजा वैक्सीन की सलाह भी कुछ डॉक्टर देते हैं। बहरहाल, कोरोना संकट से मुक्त देश में इस वायरस के संक्रमण की चिंता के बीच शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समीक्षा बैठक करके एडवाइजरी जारी की है।

# राहुलः खुदी को कर बुलंद इतना कि...

क्रिप्टो करेंसी और वर्चुअल पैसे को कभी न कभी कानून के दायरे में तो आना ही था। भारत सरकार ने इन पर शिंकजा कस दिया है। अब मुद्रा के इन प्रकारों के कारोबार पर कड़ी निगरानी रहेगा। केंद्र सरकार इन पर धनशोधन (मनी लांड्रिंग) की रोकथाम संबंधी कानून लागू कर दिए हैं। केंद्र सरकार ने इस संबंध में 7 मार्च को गजट अधिसूचना जारी कर दी है, जिसमें कहा गया है कि क्रिप्टोकरेंसी को खरीदना-बेचना, रखना और इससे जुड़ी सेवाओं पर अब एंटी-मनी लांड्रिंग कानून लागू होंगे। भारतीय क्रिप्टो एक्सचेंजों को अब से वित्तीय खुफिया इकाई भारत को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देनी होगी। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि वर्चुअल डिजिटल एसेट्स और फिएट करेंसी के बीच एक्सचेंज, वर्चुअल डिजिटल



एसेट्स के एक या अधिक रूपों के बीच एक्सचेंज और डिजिटल एसेट्स का ट्रांसफर, वर्चुअल डिजिटल एसेट्स का सुरक्षित रखरखाव या प्रशासन या वर्चुअल डिजिटल एसेट्स पर नियंत्रण को सक्षम करने वाले उपकरण और भागीदारी किसी जारीकर्ता की वर्चुअल डिजिटल संपत्ति की पेशकश और बिक्री से संबंधित वित्तीय सेवाओं का प्रावधान अब धनशोधन की रोकथाम (मनी लांड्रिंग) कानून, 2002 के तहत लाया जाएगा। क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कानून और नियमों को भारत में अभी तकअंतिम रूप नहीं दिया गया है, भारतीय रिजर्व बैंक अनेक बार उनके इस्तेमाल के प्रति आगाह कर चुका है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसी साल जनवरी में कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी जुए के बराबर है, क्योंकि उनका कथित मूल्य केवल आभाष दिलाता है। इसका समर्थन करने वाले इसे संपत्ति या वित्तीय उत्पाद कहते हैं, लेकिन इसमें वस्तुत- कोई अंतर्निहित मूल्य नहीं होता। इसका मुकाबला करने के लिए आरबीआई ने अपना ई-रु पया या केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लांच किया है। भारतीय रिजर्व बैंक का विचार है कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे भ्रामक योजनाओं के समान हैं। पिछले बजट में केंद्र ने वर्चुअल मुद्राओं से आय पर तीस प्रतिशत टैक्स लगाने की घोषणा की थी। इसके लेनदेन पर एक प्रतिशत टीडीएस काटने की बात भी तय की गई थी। नई व्यवस्था इन पर पूर्ण निगरानी रख पाएगी।

## सूक्ति

माया मरी न मन मरा, मर मर गये शरीर। आशा तृष्ना ना मरी, कह गये दास कबीर?

– कबीर

थोड़े दिन रहने वाली विपत्ति अच्छी है क्यों कि उसी से मित्र और शत्रु की पहचान होती है।

– रहीम

## चिंतन-मनन

# जीव परमेश्वर की परा शक्ति

जीव परमेश्वर की परा प्रकृति (शक्ति) है। अपरा शक्ति तो पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि तथा अहंकार जैसे विभिन्न तत्वों के रूप में प्रकट होती है। भौतिक प्रकृति के ये दोनों रूप-स्थूल (पृथ्वी आदि) तथा सूक्ष्म (मन आदि) अपरा शक्ति के ही प्रतिफल हैं। जीव जो अपने विभिन्न कार्य के लिए अपरा शक्तियों का विदोहन करता रहता है, स्वयं परमेश्वर की परा शक्ति है और यह वही शक्ति है जिसके कारण सारा संसार कार्यशील है। इस दृश्य जगत में कार्य करने की तब तक शक्ति नहीं आती, जब तक परा शक्ति अर्थात जीव द्वारा यह गतिशील नहीं बनाया जाता। शक्ति का नियंत्रण सदैव शक्तिमान करता है, अत: जीव सदैव भगवान द्वारा नियंत्रित होते हैं। जीवों का अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है।

वे कभी भी सम शक्तिमान नहीं, जैसा कि बुद्धिहीन मनुष्य सोचते हैं। श्रीमद्भागवत में जीव तथा भगवान के अन्तर को इस प्रकार बताया गया है- 'र्‍परम शात! यदि सारे देहधारी जीव आप ही की तरह शात एवं सर्वव्यापी होते तो वे आपके नियंत्रण में न होते। किन्तु यदि जीवों को आपकी सूक्ष्म शक्ति के रूप में मान लिया जाए, तब वे सभी आपके परम नियंत्रण में आ जाते हैं। अत- वास्तविक मुक्ति आपकी शरण में जाना है और इस शरणागति से वे सुखी होंगे।

परमेश्वर कृष्ण एकमात्र नियन्ता हैं और सारे जीव उन्हीं के द्वारा नियंत्रित हैं। सारे जीव उनकी पराशक्ति हैं, क्योंकि उनके गुण परमेश्वर के समान हैं, किन्तु वे शक्ति की मात्रा के विषय में समान नहीं हैं। स्थूल व सूक्ष्म अपरा शक्ति का उपभोग करते हुए परा शक्ति (जीव) को अपने वास्तविक मन तथा बुद्धि की विस्मृति हो जाती है। इसका कारण जीव पर जड़ प्रकृति का प्रभाव है। माया के प्रभाव में अहंकार सोचता है, मैं ही पदार्थ हूं और सारी भौतिक उपलब्धि मेरी है किंतु जब वह सारे भौतिक विचारों से मुक्त हो जाता है, तो उसे वास्तविक स्थिति प्राप्त होती है। गीता जीव को कृष्ण की अनेक शक्तियों में से एक मानती है और जब यह शक्ति भौतिक कल्मष से मुक्त हो जाती है, तो पूर्णतया कृष्णभावनाभावित या बंधनमुक्त हो जाती है।

# समाज के लिए कैंसर है भ्रष्टाचार

लालजी जायसवाल



देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बहुत समय से चली आ रही है। यह परिणाम तक कब पहुंचेगी कह पाना कठिन है। पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। बहरहाल, यह टिप्पणी कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च अदालत के फैसले को रद्द करते हुए की है। अदालत ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाएं कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च अदालत ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में राज्य के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करते हुए कहा था कि मामला दर्ज करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग था और आरोप प्रथम दृष्टया संभावनाओं पर आधारित थे। हाई कोर्ट के फैसले को रद्द करने के बाद पीठ ने टिप्पणी की कि संविधान के प्रस्तावना में भारत के लोगों के बीच धन का समान वितरण करके सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, लेकिन यह अभी तक दूर का सपना ही बना हुआ है। भ्रष्टाचार यदि प्रगति हासिल करने में मुख्य बाधा नहीं भी है, तो भी निस्संदेह यह एक बड़ी बाधा जरूर है। भ्रष्टाचार एक बीमारी है, जो जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह अब शासन की गतिविधियों तक सीमित नहीं है, अफसोस की बात है कि जिम्मेदार नागरिक कहते हैं कि यह जीवन का हिस्सा ही बन गया है।

खैर, यह तो पूरे समुदाय के लिए चिंता की बात है कि हमारे संविधान निर्माताओं के मन में जो ऊंचे आदर्श थे, उनका पालन करने में लगातार गिरावट आ रही है और समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास तेजी से बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार की जड़ का पता लगाने के लिए अधिक बहस की आवश्यकता नहीं है। अगर हम गौर करें तो हिंदू धर्म में सात पापों में से एक माना जाने वाला 'लालच' अपने प्रभाव में प्रबल रहा है। इसलिए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है।

भ्रष्टाचार का मूल कारण हमारे नैतिक तथा सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास होना है, जो आज हर क्षेत्र में फैल चुका है। भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने के लिए हमें अपना योगदान देना ही होगा। साथ में प्रत्येक नागरिक को अपने चरित्र का निर्माण कर देश व समाज की सेवा करनी होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर नैतिकता में गिरावट के मूल कारण सामान्यत- समान ही हैं जिसमें अधिकतम भौतिक सुख की प्राप्ति, शक्ति का केंद्रीकरण, भ्रष्ट गतिविधियां, किसी भी स्थिति में नाम कमाने की लालसा, नेता-अधिकारी गठजोड़, सार्वजनिक नैतिक मूल्यों की अपेक्षा व्यक्तिगत मूल्यों का हावी होना इत्यादि प्रमुख वजहें हैं। इसके अलावा राजनीति का अपराधीकरण, धन-बल का प्रयोग बढ़ने से भी राजनीतिक नैतिकता में गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, प्रशासकों की शिक्षा और चयन प्रक्रिया में खामियों की वजह से नैतिक मूल्यों से शून्य व्यक्तियों का प्रवेश हो जाता है और अंततः भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने लगता है।

अकसर देखा जाता है कि जेल की सजा होने तथा भ्रष्टाचार साबित होने के बावजूद भी कई बार भ्रष्टाचारियों का गौरव गान किया जाता है। वास्तव में ये स्थिति भारतीय समाज के लिए चिंताजनक है। आज भी समाज में ऐसे कुछ लोग मिल ही जाते हैं, जो दोषी पाए जा चुके भ्रष्टाचारियों के पक्ष में भांति-भांति के तर्क देते हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। अतः समय-समय पर ऐसे लोगों को समाज द्वारा अपने कर्तव्य का बोध कराया जाना बेहद आवश्यक हो जाता है। इसलिए समाज में अब वैचारिक क्रांति लाना बहुत जरूरी है।

ऐसा नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार ऐसा कोई निर्णय दिया है। लेकिन न्यायालय के लगातार प्रयासों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार कम नहीं हो सका है। बहरहाल संविधान पीठ के इस निर्णय से शायद कुछ कमी आ सके। निर्णय में न्यायालय ने इस मिथक को खारिज कर दिया कि अपराध का पूर्ण प्रमाण ही अपराधी को दोषी ठहराने में मदद कर सकता है। न्यायालय ने अब यह निर्धारित किया है कि भले ही अभियोजन पक्ष के गवाह अपनी बात से पलट जाएं, तो भी अभियोजन पक्ष एवं अपराधी के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत सभी साक्ष्यों के आधार पर अपराधी का दोष सिद्ध माना जा सकेगा। लिहाजा देश की शीर्ष प्रशासनिक सेवाओं व अन्य सार्वजनिक सेवाओं में सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी जैसे नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा के लिए यह प्रशंसनीय है। ध्यातव्य है कि अकसर ही हमारे कानूनों को और सख्त बनाने के पक्ष में आवाज उठाई जाती है, ताकि गलत काम करने वालों को सजा मिल सके। लेकिन ऐसे कठोर कानून से समस्या का निवारण एक सीमा तक ही संभव हो पाता है। जन शक्ति की ताकत ऐसा हथियार है, जो सार्वजनिक जीवन को साफ-सुथरा बनाने में मदद कर सकता है।

साथ ही चुनाव अभियान में खर्च होने वाली राशि की सीमा बांधने के साथ ही चुनाव आयोग को इस राशि की प्राप्ति की तह तक जाना होगा क्योंकि यह भी एक भ्रष्टाचार का बड़ा कारण है। दशकों से चुनावी खर्च की सीमा तय करने की कोशिश विफल रही है। राजनीतिक दल गुप्त तरीके से राशि खर्च करते हैं और इसका कोई ब्यौरा भी नहीं देते। इसके लिए चुनाव आयोग को कड़े कदम उठाने होंगे और राजनीतिक दलों को मिलने वाली धनराशि का पूरा ब्यौरा देने के लिए नियम बनाने होंगे। उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के खातों के ऑडिट को भी अनिवार्य करना होगा। कर की छूट भी उतनी ही राशि पर दी जाए, जिसका लेखा-जोखा स्पष्ट हो। ऐसा करने के लिए चुनाव आयोग को खुली छूट देनी होगी। ऑडिट के दौरान गड़बड़ी पाये जाने पर उम्मीदवारों पर जुर्माना लगाए जाने से लेकर उसे अयोग्य करार देने का अधिकार भी चुनाव आयोग को दिया जाना चाहिए। यह इसलिए जरूरी है कि भ्रष्टाचार का दीमक आज समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में भारत को वर्ष 2021 में 85 वां स्थान दिया गया है। यह रैंकिंग इस बात को दर्शाती है कि हमारे नीति-नियंताओं को सुशासन स्थापित करने की दिशा में अभी काफी काम करना है। जन भागीदारी से भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए सबसे पहले जनता को सशक्त बनाना होगा। सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न सरकारी प्रयास जैसे सूचना का अधिकार, नागरिक चार्टर, सामाजिक अंकेक्षण, ई-अभिशासन आदि कदम बेहद प्रभावी रहे हैं। बावजूद इसके भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग सका है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

भ्रष्टाचार का दीमक आज समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में भारत को वर्ष 2021 में 85 वां स्थान दिया गया है। यह रैंकिंग इस बात को दर्शाती है कि हमारे नीति-नियंताओं को सुशासन स्थापित करने की दिशा में अभी काफी काम करना है। जन भागीदारी से भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए सबसे पहले जनता को सशक्त बनाना होगा। सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न सरकारी प्रयास जैसे सूचना का अधिकार, नागरिक चार्टर, सामाजिक अंकेक्षण, ई-अभिशासन आदि कदम बेहद प्रभावी रहे हैं। बावजूद इसके भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग सका है।

## विचार-मंथन

# महंगाई का असर मोदी की छबि पर?



सनत जैन



देश में महंगाई को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के काम सारी दुनिया में कम हो रहे हैं। भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम पिछले कई महीनों से स्थिर बना कर रखे हुए हैं अंतरराष्ट्रीय बाजार से पेट्रोल और डीजल की कीमतें तय करने की सरकार की नीति है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से पेट्रोलियम कंपनियां सरकार की इस नीति का पालन नहीं कर रही हैं। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में जब कच्चे तेल केदाम बढ़ रहे थे। पेट्रोलियम कंपनियां रोजाना डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़ा रही थी। जब अन्तरराष्ट्रीय बाजार में पिछले माहों में लगातार कच्चे तेल के दाम घटे हैं। पेट्रोलियम कंपनियां रेट नहीं घटा रही है। यह आम नागरिकों एवं उपभोक्त के साथ घोखा है। सरकार की चुप्पी सभी को आश्चर्य में डाल रही है।

रसोई गैस के दाम सारी दुनिया के देशों में सबसे ज्यादा महंगे भारत में हैं भारत के लोग सबसे महंगा गैस सिलेंडर खरीदने के लिए मजबूर हैं। वहीं सारी दुनिया के देशों में भारत का तीसरा नंबर है। जहां सबसे महंगा पेट्रोल और डीजल बिक रहा है।

आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार सामान्य औसत मध्यमवर्गीय परिवार का 23 फ़ीसदी से ज्यादा खर्च पेट्रोल डीजल और रसोई गैस में हो रहा है। जो दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सार्वधिक है। पेट्रोल और डीजल महंगा होने से महंगाई पर इसकी मार देखी जा रही है। इसके कारण सभी वस्तुएं महंगी है, मजदूरी और कार्यालयों में काम करने के लिए जाने के लिए एकमात्र सहारा मोटरसाइकिल और मोपेड हैं। जिन लोगों को 10 से 12000 रू. मासिक का वेतन मिलता है या रोजगार से कमाई होती है उनको 3000रु. से ज्यादा हर माह अकेले पेट्रोल में खर्च करने पड़ रहे हैं। विकसित देशों के मुकाबले भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस में आम आदमी को कई गुना ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के मुकाबले भारत की मुद्रा लगातार कमजोर होने से खाद एवं अन्य आयातित वस्तुओं की कीमत का असर भी आम आदमियों पर पड़ रहा है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है, कि भारत सरकार बढ़ती हुई महंगाई दूध और दूध से बने उत्पाद पेट्रोल डीजल और गैस की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जनवरी माह में आटा की कीमत बढ़ जाने के कारण आम आदमियों को इसका भी खामियाजा उठाना पड़ा। बिस्कुट और बैकरी से संबंधित सभी उत्पादन के रेट बढ़ गए थे। अब गेहूं और आटे के रेट कम होने के बाद भी उनके रेट नहीं घटाये हैं। जिसके कारण निम्न एवं मध्यम आय वर्ग का जीना दिनों दिन दुश्वार होता जा रहा है। आम जनता को बड़ा विश्वास था कि मोदी सरकार आएगी, तो अच्छे दिन आएंगे। महंगाई कम होगी, भ्रष्टाचार कम होगा। लेकिन मोदी सरकार पर जितना भरोसा उत्तर भारत की आम जनता ने दिखाया था। उत्तर भारत की आम जनता ही इस समय सबसे ज्यादा कष्ट भोग रही है। भगवान राम और रामराज्य के नाम पर उसे इतना ठगा जाएगा या इतनी तकलीफ होंगी। इसकी उसे कल्पना तक नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी एक विश्वास के रूप में जनता के सामने आए थे। लेकिन अब आम जनता अपने आप को अब ठगा हुआ महसूस कर रही है। आम जनता ने जो भरोसा मोदी जी पर जताया था। उसे बनाए रखने की जिम्मेदारी अब मोदी जी की है। 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व यदि महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से राहत नहीं मिली तो इसमें सबसे ज्यादा नुकसान प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी की छबि में होगा।

## युवा वर्ग

# 'स्व-जागरूकता' ज्यादा जरूरी



मयंक गंगवार



युवाओं की उपलब्धता के अनुसार देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

ये प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी, सेवा क्षेत्र, व्यावहारिक, जीवन व भाषा कौशल जैसे विषयों का समावेश रखते हैं। जब हम कौशल प्रशिक्षित युवाओं से रू-ब-रू होते हैं, तो पाते हैं कि वे तकनीकी रूप से अर्ध-कुशल हैं तथा जैसे-जैसे वे पृथक-पृथक रोजगार से जुड़ते हुए अनुभवी होते जाएंगे, वे पूर्ण कुशलता और कार्यकुशलता की ओर कदम बढ़ाएंगे। यहां सबसे महत्त्वपूर्ण बात ये है कि सूचना प्रौद्योगिकी व उससे संबंधित सेवाओं के विस्तार का लाभ यह हुआ है कि युवा अपने हुनर में कुशलता को कम समय में प्राप्त कर ले रहे हैं।

अब बात आती है कि युवाओं में तकनीकी व व्यावहारिक कौशल के साथ-साथ अन्य कौन सा कौशल सर्वाधिक होना चाहिए? यह बड़ा महत्त्वपूर्ण मसला है और इस बारे में अब तक उतनी गंभीरता से समाधान नहीं तलाशे गए हैं, जितनी होनी चाहिए थी। इसका उत्तर खोजने के प्रयास में जब हम पिछले 10 वर्षो के अपने कार्यकाल पर नजर दौड़ाते हैं, तो पाते हैं कि कौशल व अनुभव से ज्यादा जरूरी है 'स्व-जागरु कता'। कोई भी व्यक्ति कौशल व अनुभव तो कभी भी प्राप्त कर सकता है, किन्तु स्व-जागरूक व्यक्ति अपने कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा करता है। उसमें सीखने की क्षमता अधिक होती है तथा वह अपने उच्च एवं सहयोगियों के साथ बेहतर व्यवहार करता है, जिससे पूरे सिस्टम की उत्पादकता बढ़ती है।

शोध बताते हैं कि 90 प्रतिशत से अधिक लोग दर्शाते हैं कि वे स्व-जागरूक हैं किंतु वास्तविकता में ये मात्र 15 से 20 प्रतिशत लोगों में ही परिलक्षित होती है। हम जब किसी भी सफल कार्य का अध्ययन अथवा मूल्यांकन करते हैं तथा उससे जुड़े हुए किसी अग्रणी सदस्य से बात करते हैं, तो पाते हैं कि उसका उत्तर होता है कि इसे मैं लाया था अथवा इसे मैंने किया है, जबकि वास्तविकता में कार्य को सफल बनाने में सम्पूर्ण टीम अथवा दल का योगदान होता है।

सरकारी सेवा में लोगों से अत्याधिक संवाद के बाद यह पाया कि ज्यादातर सफल लोग दो शब्दों का उपयोग बहुत अधिक करते हैं एक 'मैं' और दूसरा 'हम'। 'मैं' का अधिक उपयोग कम विनम्रता को और हम का अधिक उपयोग टीम में अपनी स्थिति में भ्रम को प्रदर्शित करता है। लोगों से ये सवाल करने पर कि 'आपके साथी आपके बारे में क्या ख्याल रखते हैं?

सामान्य रूप से यही उत्तर मिलता है कि 'बढ़िया', जो यह दर्शाता है कि प्रक्रियाएं सम्भवत- कम रचनात्मक हैं तथा व्यक्ति अपने मूल्यांकन के प्रति गम्भीर नहीं है। आमतौर पर यह माना जाता है कि युवा वर्ग में सामान्य रूप से धैर्य कम होता है। इस नाते उनको अपने व्यक्तित्व में स्व-जागरूकता को जीवन के शुरुआती दौर में विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। स्व-जागरूकता को विकसित करने के लिए प्रत्येक युवा को नियमित अंतराल पर अपने मूल्यों व कार्यशैली का परीक्षण करते रहना चाहिए। इसके साथ-साथ युवाओं को अपने अपने आप से दो सवाल हमेशा पूछते रहना चाहिए, पहला कि आप क्या श्रेष्ठ कर सकते हैं तथा दूसरा आपकी क्षमता क्या हैं?

जूम वीडियो एप्लीकेशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एरिक युआन ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति विशेषकर युवाओं को दिन के अंत में 15 मिनट तक एक व्यायाम करना चाहिए, जिसमें अपने आप से कुछ सवाल पूछें कि आज दिन भर क्या किया, कोई गलती तो नहीं की, जो किया वे लोगों को लाभ देगा कि नहीं और क्या सुधार कल करने हैं? एक तरह से युवाओं को दिनभर की गतिविधियों को लेकर काफी गंभीर रहने की जरूरत है। किंतु अधिकतर परिस्थितियों में पाया जाता है कि ये सब सोचने तक सीमित रह जाता है। अत- प्रत्येक युवा को अपने अन्दर स्व-जागरूकता को विकसित करने का प्रयास करना चाहिए तथा उसे अपनी जीवनचर्या का अभिनन अंग बना लेना चाहिए।

(विशेषज्ञ, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उप्र)

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक मनोज कुमार कश्यप ने यूरेशिया प्रिंटिंग प्रेस 270 फूल बाग कॉलोनी सूरज कुंड रोड मेरठ से छपवाकर, 277 नारंगपुर, थाना परीक्षितगढ, जिला मेरठ से प्रकाशित किया (संपादक मनोज कुमार) किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र मेरठ होगा

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को दस विकेट से हराया

**–स्टार्क बने प्लेयर ऑफ द मैच**

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवीसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम को दस विकेट से हराकर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया की जीत में तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की अहम भूमिका रही। स्टार्क ने 53 रन देकर पांच विकेट लिए। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 26 ओवर में 117 रनों पर ही आउट हो गयी। इसके बाद जीत के लिए मिले 118 रनों के लक्ष्य को 11 ओवर में ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज मिशेल मार्श ने नाबाद 66 और ट्रेविस हैड ने नाबाद 51 रन बनाये। शानदार गेंदबाजी करने के लिए स्टार्क को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीत भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। टीम इंडिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 ओवर में 117 रन बनाकर ही आउट हो गयी। कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के बाद भी टीम की बल्लेबाजी विफल रही और सात बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। यह भारतीय टीम का एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे कम स्कोर है। सबसे अधिक नाबाद 29 रन 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे अक्षर पटेल ने सबसे अधिक बनाए। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के सामने भारतीय बल्लेबाज टिक नहीं पाये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क ने 5 विकेट लिए। वहीं सीन एबॉट को 3 विकेट मिले जबकि तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने दो विकेट लिये।

इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ का टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया। स्टार्क ने पहले ही ओवर में शुभमन गिल को पेवेलियन भेजकर भारतीय टीम को पहला झटका दिया। इसके बाद स्टार्क ने 5वें ओवर में लगातार 2 गेंद पर कप्तान रोहित और सूर्यकुमार यादव को आउट कर भारत को दबाव में ला दिया। रोहित ने 15 गेंद पर 13 रन बनाए। वहीं सूर्या एक भी रन नहीं बना पाये।

हार्दिक पंड्या एक और लोकेश राहुल 9 रन बनाकर आउट हुए। भारत की आधी टीम 49 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने टीम को संभालने का प्रयास किया। नाथन एलिस ने 31 रन के स्कोर पर कोहली को आउट कर भारतीय टीम के प्रयासों पर पानी फेर दिया। जडेजा भी 16 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। . अक्षर ने 29 गेंद पर 29 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के भी लगाये। स्टार्क के सामने भारतीय बल्लेबाज बेबस नजर आये। 10 ओवर के अंदर ही आधी टीम




पेवेलियन लौट गयी। 4 विकेट मिचेल स्टार्क ने किए।स्मिथ ने रोहित और उपकप्तान हार्दिक के कैच पकड़े। स्मिथ ने हार्दिक का स्लिप में शानदार कैच पकड़ा। स्मिथ ने इसी प्रकार रोहित शर्मा का भी कैच स्लिप में ही पकड़ा था।

## विकास और परमजीत ने ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई




**नोमी(जापान) (एजेंसी)।** भारत के 20 किमी पैदल चाल के एथलीट विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करके 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक और 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। विकास और परमजीत ने एशियाई 20 किमी पैदल चाल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में क्रमशः 1:20:05 सेकेंड (एक घंटा, 20 मिनट, पांच सेकेंड) और 1:20:08 सेकेंड के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। चीन के कियान हैफेंग (1:19:09) ने पहला स्थान हासिल किया।

पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेल और हंगरी के बुडापेस्ट में इस साल अगस्त में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मार्क 1:20:10 है और दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इसे मामूली अंतर से हासिल किया। पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज करके ओलंपिक और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप सिंह ने 1:20:57 का समय निकाला और वह पांचवें स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार कोई देश आधिकारिक प्रविष्टियों के अलावा ओपन वर्ग में खिलाड़ियों को भेज सकता है लेकिन उनका प्रदर्शन आधिकारिक नहीं माना जाएगा। भारत ने ओपन वर्ग में चार पुरुष और तीन महिला खिलाड़ी भेजे थे। पुरुषों के वर्ग में दो अन्य भारतीय सूरज पंवार और हरदीप ने क्रमशः 1:22:31 और 1:25:38 का समय निकाला।

महिला वर्ग में पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं के आधिकारिक प्रवेश वर्ग में 1:32:27 का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। वह कुल मिलाकर चौथे स्थान पर रही। भारत की मुनीता पजापति और भावना जाट ओपन वर्ग में क्रमशः 1:33:22 और 1:36:20 के साथ बड़े अंतर से ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क 1:29:20 से चूक गईं। इस तरह से भारत के अब तक चार एथलीट ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

## बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के सवाल पर बोले सचिन, मैंने कभी गांगुली जैसी तेज गेंदबाजी नहीं की

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में अब तक दो पूर्व खिलाड़ी ही बीसीसीआई अध्यक्ष के पद तक पहुंच पाये हैं। इसमें नंबर एक पर हैं सौरव गांगुली जबकि दूसरे नंबर पर हैं वर्तमान अध्यक्ष रोजर बिन्नी। बिन्ना पहली बार विश्वकप विजेता टीम में शामिल रहे थे। ऐसे में जब महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से पूछा किया कि वह इस पद के लिए जा सकते हैं तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने अभी गांगुली जैसी तेज गेंदबाजी नहीं की है।

जब सचिन से पूछा किया कि अब तक दो क्रिकेटर बोर्ड अध्यक्ष बने हैं तो क्या आप भी इस पद पर पहुंचना चाहते हैं तो उन्होंने कहा कि मैंने इतनी ज्यादा तेज गेंदबाज कभी नहीं की है। उन्होंने ये इसलिए कहा क्योंकि गांगुली अपने को तेज गेंदबाज बॉलर मानते थे

सचिन ने साथ ही कहा, मुझे याद है, जब गांगुली ने टोरंटो में टूर्नामेंट के दौरान विकेट लिए थे। उस समय सौरव ने कहा था मैं थोड़ी और ताकत लगाउंगा तो 140 तक की तेजी से गेंद फेंक सकता हूं। इस पर सचिन ने कहा कि दादा तू जा सकता है। फिर उसने 2 दिन अभ्यास किया जिसके बाद उसकी पीठ अकड़ गयी। इसके बाद उसने कभी 140 के बारे में बात ही नहीं की। मैंने कभी 140 की गति से गेंद नहीं फेंकी और ना ही मैं ऐसा कर सकता हूं। सचिन ने इस दौरान कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट को बचाने के लिए 50 ओवर के क्रिकेट को 2 भाग में बांट देना चाहिए। बल्लेबाजी बैटिंग करने वाली टीम पहले 25 ओवर खेले। इसके बाद बॉलिंग करने वाली टीम बचे हुए ओवर खेले।

## श्रीलंका फॉलोऑन करने के बाद भी न्यूजीलैंड से 303 रन पीछे

**मुम्बई (एजेंसी)।** वेलिंगटन। श्रीलंका ने फॉलोऑन करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाए और उसे पारी की हार से बचने के लिए अब भी 303 रन की जरूरत है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम 164 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने इस तरह से पहली पारी में 416 रन की बड़ी बढ़त हासिल की और उसके कप्तान टिम साउदी ने श्रीलंका को फॉलोऑन के लिए आमंत्रित करने में कोई देर नहीं लगाई। न्यूजीलैंड ने एक महीने पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ फॉलोऑन करते हुए एक रन से




रोमांचक जीत दर्ज की थी।

श्रीलंका ने दूसरी पारी में सजग शुरुआत की। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय कुसल मेंडिस 50 और एंजेलो मैथ्यूज एक रन पर खेल रहे थे। पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे मेंडिस ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले 96 गेंदों पर अपना 17वां अर्धशतक पूरा किया। तीसरे दिन के खेल में श्रीलंकाई बल्लेबाजी का आकर्षण कप्तान दिमुथ करुणारत्ने रहे। श्रीलंका ने सुबह अपनी पहली पारी दो विकेट पर 26 रन से आगे बढ़ाई तो करुणारत्ने ने नौवें विकेट के रूप में आउट होने से पहले टीम की तरफ से सर्वाधिक 89 रन बनाए।

इसके बाद वह फिर क्रीज पर उतरे और उन्होंने दिन का खेल समाप्त होने से आधा घंटा पहले साउदी की गेंद पर डीप मिडविकेट पर कैच देने से पूर्व 51 रन की पारी खेली। श्रीलंका की पहली पारी में करुणारत्ने के अलावा दिनेश चंदीमल (37) और निसान मधुशका (19) ही दोहरे अंक में पहुंचे। न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हेनरी और माइकल ब्रेसवेल ने तीन-तीन विकेट लिये। श्रीलंका ने अपने आखिरी छह विकेट 50 रन के अंदर गंवाए।

## सऊदी अरब में तीसरे स्थान पर रहे जेहान दारुवाला

जेद्दा । भारतीय ड्राइवर जेहान दारुवाला ने यहां सऊदी अरब चैंपियनशिप के दौर की स्प्रिंट रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। यह फार्मूला टू में 16वां अवसर है जबकि उन्होंने पोडियम पर जगह बनाई। एमपी मोटरस्पोर्ट के इस 24 वर्षीय ड्राइवर ने 5वें स्थान से शुरुआत की और चैम्पियन बने अयुमु इवासा को आखिर तक चुनौती दी। उन्होंने बढ़त हासिल करने की पूरी कोशिश की लेकिन 3 लैप पहले इवासा से पिछड़ गए। जेहान शनिवार की इस रेस में इवासा के ठीक एक सेकेंड और उप विजेता विक्टर मार्टिंस से आधे सेकेंड पीछे रहे। यह इस सत्र में पहला अवसर है जबकि जेहान ने पोडियम (शीर्ष 3 में जगह बनाना) स्थान हासिल किया।

## शाहीन के ऑलराउंड प्रदर्शन से लाहौर ने एक रन से जीता पीएसएल खिताब

लाहौर । शाहीन अफरीदी के शानदार प्रदर्शन से लाहौर कलंदर्स ने यहां के गद्दाफी स्टेडियम में हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के फाइनल मुकाबले में एक रन से जीत दर्ज कर अपने खिताब को बरकरार रखा है। मुल्तान सुल्तान के खिलाफ हुआ ये मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और अंतिम गेंद पर ही लाहौर को जीत मिल पायी। इस मैच में शाहीन ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए शाहीन ने लाहौर की तरफ से 45 रन बनाए। वहीं बाद में गेंदबाजी करते हुए 51 रन देकर चार विकेट भी लिए।

लाहौर ने इस मैच में पहले खेलते हुए छह विकेट पर 200 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए मुलतान की टीम 199 रन ही बना पायी। इस मैच में लाहौर कलंदर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 14.1 ओवर में ही 112 रनों पर पांच विकेट गंवा दिये थे पर इसके बाद शाहीन ने आक्रामक बल्लेबाजी कर अपनी टीम को 200 रनों तक पहुंचाया। शाहीन ने 15 गेंदों में ही 44 रन बनाये। इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में दो चौके और पांच छक्के लगाए।

लाहौर की ओर से इस मैच में मिर्जा बेग और फखर जमां ने पारी शुरु की। मिर्जा ने 30 जबकि फखर ने 34 गेंदों में 39 रन बनाए। वहीं शफीक ने 40 गेंदों में 8 चौके और दो छक्कों की सहायता से 65 रन बनाये। मध्यक्रम के बल्लेबाज रन नहीं बना पाये। बिलिग्स 9, अहसान भट्टी 0 तो रजा 1 रन बनाकर पेवेलियन लौट गए। फिर शफीक ने शाहीन के साथा पारी को आगे बढ़या। मुलतान की ओर से उसमान मीर ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए।

## होप के शतक से वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**ईस्ट लंदन (एजेंसी)।** कप्तान शाई होप की शतकीय पारी की सहायता से वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 48 रनों से रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की है। होप ने पहली बार एकदिवसीय में कप्तानी करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए होप के नाबाद 128 रनों की सहायता से वेस्टइंडीज ने 8 विकेट पर 335 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले बेहद कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम 41.4 ओवर में 287 रनों पर ही सिमट गयी। कप्तान तेंबा बावुमा ने 118 गेंदों पर 144 रनों की पारी खेली पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। बावुमा के अलावा सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 26 गेंदों पर 48 रन रन बनाये। वहीं बाकि बल्लेबाज नाकाम रहे। वेस्टइंडीज की ओर से अलजारी जोसेफ और अकील हुसैन ने तीन-तीन विकेट लिए।

इससे पहले वेस्टइंडीज की ओर से बल्लेबाजी करते हुए होप ने अपना 14वां शतक लगाया। उन्होंने निकोल्स पूरण और रोवमैन पॉवेल के साथ अच्छी साझेदारियां कर टीम को




335 तक पहुंचाया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बेबस नजर आए। गेराल्ड कोएट्जी की सफल रहे और उन्होंने 57 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि फॉर्च्यून और शम्सी ने 2-2 विकेट लिए।

## अंकित की तूफानी पारी से पीजीडीएवी 10 विकेट से जीता




**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** अंकित कुमार (नाबाद 93 रन, 44 गेंद, 15 चौके, 4 छक्के) और अभिषेक (43 रन, 19 गेंद, 5 चौके, 3 छक्के ) की विस्फोटक पारियों से मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज ने सीवीएस कॉलेज को 10 विकेट से मात देकर प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे- नाईट टी-20 अंतर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में जोरदार शुरुआत की।

सीवीएस कॉलेज ने टॉस जीतकर 20 ओवरों में 6 विकट पर 143 रन बनाए। प्रथम गोसाईं ने 67 रन बनाए। मुकुल यादव और ऋषि शर्मा ने दो दो विकेट चटकाए। जवाब में पीजीडीएवी कॉलेज ने 10.2 ओवरों में ही 10 विकट से मैच जीत लिया। अंकित कुमार की तूफानी बल्लेबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट के तीसरे दिन के खेल में एसएसएन कॉलेज से डॉ. इंद्र मोहन दत्ता और मोहित राणा के साथ मोती लाल सांध्य कॉलेज से डॉ कान्हा राम मीणा , डॉ मनोज राठी और संदीप टोकस एवं अजय जी के साथ- साथ पीजीडीएवी कॉलेज के शारिरिक विभाग से डॉ. पवन डबास व क्रिकेट कोच विवेकानंद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंची दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुम्बई इंडियंस के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने भी महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (डब्ल्यूपीएल) के प्लेऑफ में प्रवेश किया है। दिल्ली की टीम प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम है। कैपिल्टस के अभी 6 मैचों में 8 अंक है। आरसीबी की गुजरात जायंटस पर जीत के साथ दिल्ली को प्लेऑफ में प्रवेश मिला। प्लेऑफ में चार की जगह तीन ही टीमें क्वालीफाई करेगी। अंम तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी। वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए एलिमिनेटर मुकाबला खेलना होगा।




वहीं यूपी वॉरियर्स के भी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बनी हुई हैं। यूपी को इसके लिए केवल एक अंक चाहिये। एलिसा हीली की अगुवाई वाली इस टीम के अभी 6 मैचों में 6 अंक है। यूपी को टूर्नामेंट के बचे दो मुकाबले गुजरात जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स से खेलने हैं। यूपी को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कम इनमें से एक मैच जीतना होगा।

वहीं डब्ल्यूपीएल 2023 के पहले 5 मैच हारने के बाद लगातार दो मैच जीतने से आरसीबी की भी प्लेऑफ की उम्मीदें बन रही हैं। वह अभी 7 मैचों में 4 अंकों के साथ चौथे पायदान पर है। आरसीबी का अगला मुकाबला मुंबई इंडियंस के खिलाफ है। टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए इस मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज करने के साथ यूपी की हार की दुआ भी करनी होगी। अगर यूपी अगले दो मैच हारती है तभी आरसीबी नॉकआउट में पहुंच पाएगी वहीं गुजरात जाएंट्स का प्लेऑफ में पहुंचना बेहद कठिन है। गुजरात की टीम के अंक आरसीबी के बराबर है पर वह रन औसत में पिछड़ गयी है। इस कारण से टीम पांचवे पायदान पर है।

## महिला प्रीमियर लीग : सोफी के शानदार प्रदर्शन से जीती आरसीबी

मुम्बई । सोफी डिवाइन की तूफानी पारी की सहायता से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में गुजरात जायंट्स पर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की है। इस मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए थे। आरसीबी की ओर से श्रेयंका पाटिल ने दो विकेट लिए। इस प्रकार आरसीबी को जीत के लिए 189 रनों का लक्ष्य मिला। जिसे आरसीबी ने 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर ही हासिल कर लिया। आरसीबी की इस जीत में सोफी डिवाइन की 36 गेंदों में 99 रनों की आक्रामक पारी की अहम भूमिका रही। सोफी ने इस दौरान 9 चौके और 8 छक्के लगाये। सोफी के अलावा आरसीबी की ओर से कप्तान स्मृति मंधाना ने 31 गेंदों में 37 रनों रन बनाये। अंत में एलिस पेरी ने नाबाद 19



और हीथर नाइट ने नाबाद 22 रनों की पारी अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले गुजरात की ओर से लौरा वोल्वार्ड्ट ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। लौरा ने 42 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्के लगाकर 68 रन बनाये। गुजरात की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही ओर सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले कुछ केवल मात्र 16 रन बनाकर पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद वोल्वार्ड्ट के साथ सबहिनेनी मेघना ने स्कोर आगे बढ़ाना जारी रखा। वोल्वार्ड्ट के अर्धशतक के अलावा मेघना ने 32 गेंदों में 31 रन बनाये। वहीं एशले गार्डनर ने 26 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की सहायता से 41 रन बनाये। अंत में दयानल हेमलता ने नाबाद 16 और हरलीन देओल ने नाबाद 12 रनों की रन बनाये।

## एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने रोहन बोपन्ना

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** भारत के रोहन बोपन्ना यहां बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैट एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीतकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं। उन्होंने और 35 वर्षीय एबडेन ने शनिवार को फाइनल में वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की नीदरलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया।

अपने 10वें एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे बोपन्ना ने कहा, 'वास्तव में विशेष। इसलिए इसे टेनिस का स्वर्ग कहा जाता है। मैं बरसों से यहां आ रहा हूं और लोगों को यहां खिताब जीतते हुए देख रहा हूं। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि मैं और मैट यहां खिताब जीतने में सफल रहे।' उन्होंने कहा, 'हमने कड़े और करीबी मैच खेले। आज हमारा सामना यहां मौजूद सर्वश्रेष्ठ टीम से था। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे।'

बोपन्ना ने इस तरह कनाडा के डेनियल नेस्टर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2015 में सिनसिनाटी मास्टर्स में 42 साल की उम्र में खिताब जीता था। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैंने डैनी नेस्टर से बात की और मैंने उनसे कहा कि मुझे खेद है कि मैं उनका रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा हूं। यह खिताब हमेशा मेरे साथ रहेगा और मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं।' बोपन्ना का का यह कुल पांचवा और 2017 में मोंटेकार्लो ओपन के बाद पहला मास्टर्स 1000 युगल खिताब है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी का यह इस साल तीसरा फाइनल था। बोपन्ना अब तक टूर स्तर पर कुल 24 खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन और दो बार के खिताब विजेता जॉन इस्नर और जैक सॉक को हराया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलीसिमे और डेनिस शापोवालोव को पराजित किया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया की इस जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में राफेल माटोस और डेविड वेगा हर्नांडिज़ को हराया था। विश्व में पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी बोपन्ना इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



## सिरसा में सरपंच नजरबंद, सांसद सुनीता दुग्गल को दिखाने थे काले झंडे

**संवाददाता**

**हिसार।** सिरसा में सरपंचों को पुलिस ने घरों में नजरबंद कर दिया। ई-टेंडरिंग और राइट टू रिकॉल के विरोध में सरपंचों ने सांसद सुनीता दुग्गल को काले झंडे दिखाने की घोषणा की थी। उससे पहले ही रविवार सुबह करीब 7 बजे पुलिस सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारियों के घर पर पहुंच गई। सांसद के कार्यक्रम के बाद उन्हें छोड़ दिया जाएगा।

सिरसा जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान जसकरण कंग ने एक



वीडियो जारी करते हुए बताया कि रविवार को सांसद का विरोध करने का कार्यक्रम था। सरकार ने हमें घरों में ही नजरबंद कर दिया। स्टेट वाइस प्रेसिडेंट संतोष बैनीवाल को चोपटा पुलिस ने घर पर ही नजरबंद कर लिया। सरकार सरपंचों के साथ ज्यादती कर रही है। सरकार अपनी तानाशाही दिखा रही है। जनता सरकार को सबक सिखाएगी। दूसरी ओर हरियाणा सरपंच एसोसिएशन की वाइस प्रेसिडेंट संतोष बैनीवाल ने भी सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके खुद को नजरबंद करने की सूचना दी और कहा कि पुलिस उन्हें बाहर नहीं जाने दे रही।

**सांसद के आज सिरसा में कई कार्यक्रम**

सांसद सुनीता दुग्गल के जिला सिरसा में रानियां, ऐलनाबाद हलके में कार्यकर्ता सम्मेलन थे। सांसद के माधोसिंघाना गांव में सरपंच एसोसिएशन ने इन कार्यक्रमों में उन्हें काले झंडे दिखाने के कार्यक्रम की घोषणा की थी।

## रोहतक से तीन दिन में 3 महिलाएं लापता, एक की 20 दिन पहले हुई थी शादी

**संवाददाता**

**रोहतक।** तीन दिन में तीन विवाहिता लापता होने का मामला सामने आया है। जिनमें एक नव-विवाहिता भी शामिल है, जिसकी करीब 20 दिन पहले ही शादी हुई थी। दिल्ली की रहने वाली नव-विवाहिता अपने पति संग असेसमेंट देने रोहतक आई थी। जब पति आईडी कार्ड की कॉपी करवाने गया तो पीछे से महिला लापता हो गई। दिल्ली निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन की शादी दिल्ली निवासी एक युवक के साथ 26 फरवरी 2023 को हुई थी। विवाहिता इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से NIT के कोर्स की पढ़ाई कर रही थी। महिला को असेसमेंट देने थे, इसके लिए वह अपने पति के साथ 18 मार्च को रोहतक के छोटूराम इग्नू कॉलेज में आई।



**कॉलेज से लापता हुई विवाहिता**

कॉलेज में पहुंचने के बाद उसका पति शाम को करीब 4 बजे अपनी पत्नी के ढ्ढष्ठ कार्ड की फोटो कॉपी करवाने कॉलेज के सामने वाली दुकान पर गया था। वहीं, महिला कॉलेज में ही रुक गई। जब उसका पति फोटो कॉपी करवाकर वापस आया तो विवाहिता कॉलेज में नहीं मिली। कॉलेज में हर जगह पर तलाश किया, लेकिन सुराग नहीं लगा। जिसकी शिकायत पुलिस को दे दी।

**तलाश कर रही पुलिस**

जांच अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि विवाहिता की बहन की शिकायत पर लापता होने का मामला दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है। विवाहिता के पति को बुलाया गया है। ताकि इस घटना के बारे में पूरी जानकारी मिल सके। लापता हुई महिला को तलाशने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

**दूसरा मामला-दवाई लेने गई पत्नी लापता**

रोहतक के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी शादी करीब 13 साल पहले भिवानी के एक गांव में हुई थी। 17 मार्च को उसकी पत्नी कलानौर से दवाई लेने के लिए गई थी। लेकिन वापस घर पर नहीं पहुंची। इसके बाद रिश्तेदारियों में भी तलाश किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। आखिरकार मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

**तीसरा मामला-घूमने गई महिला लापता**

रोहतक शहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी करीब 28 साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी की दो-तीन साल से दिमागी स्थिति ठीक नहीं थी। जिसके कारण वह पहले कई बार घर से चली गई थी। 16 मार्च को भी उसकी पत्नी घर से घूमने के लिए गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। जिस पर उन्होंने महिला की तलाश आरंभ कर दी, लेकिन कहीं पर कोई जानकारी नहीं मिली।

मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके तलाश आरंभ कर दी।

## हिसार पुलिस का नाइट डोमिनेशन, ADGP ने 'पुलिस' लिखी थार का करवाया चालान



**संवाददाता**

**हिसार।** पुलिस ने शनिवार रात को नाइट डोमिनेशन कार्यक्रम चलाया। खुद ADGP श्रीकांत जाधव ने रात को शहर के पुलिस नाकों का दौरा किया। ADGP ने कार सवार लोगों से कोई दिक्कत होने के बारे में जानकारी हासिल की। ADGP ने शहर में नाके के दौरान पंजाब नंबर की एक थार गाड़ी का चालान कटवाया। गाड़ी चालक ने शराब का सेवन किया हुआ था। साथ ही उसकी गाड़ी पर पुलिस शब्द लिखा हुआ था। ADGP ने कहा कि आपने गाड़ी पर पुलिस लिखा हुआ है। इसका चालान काटो और इंपाउड भी करो।

वह खुद ADGP हैं, उन्होंने अपनी सरकारी गाड़ी पर पुलिस नहीं लिखवाया। इसके बाद ADGP के आदेश पर उसकी गाड़ी के चालान कटवा दिए। हिसार पुलिस का शहर में रात 10 बजे से सुबह 2 बजे तक नाइट डोमिनेशन अभियान चला।।

**सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई**

ADGP श्रीकांत जाधव ने कुछ दिन पहले ही हिसार रेंज आईजी का चार्ज लिया है। उन्होंने आते ही शहर में खुले में शराब पीने वाले लोगों, अवैध अहातों और स्पा सेंटरों पर कार्रवाई की। ADGP के आदेश पर शहर में अवैध गतिविधियों का संचालन करने वालों लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है।

## हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा का एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे

**संवाददाता**



**रोहतक।** हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा का शनिवार-रविवार रात को एक्सीडेंट हो गया। जिसके कारण उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं मासूम शर्मा बाल-बाल बच गए। एक्सीडेंट से पहले मासूम शर्मा का युवकों के साथ विवाद भी हुआ था। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद युवकों का पीछा करते हुए गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई और पत्थरों से टकरा गई। इस हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं एयरबैग खुलने के कारण मासूम शर्मा बाल-बाल बच गए। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह हादसा किस कारण से हुआ है।

**पीछा करते हुए एक्सीडेंट**

मिली जानकारी के अनुसार सिंगर मासूम शर्मा का किसी के साथ विवाद हो गया था। जिसके बाद रात को मासूम शर्मा अपनी क्रेटा गाड़ी में युवकों की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। इसी वक्त उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद कार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सामने डिवाइडर पर चढ़ गई

**जांच में जुटी पुलिस**

पीएसआई साक्षी ने बताया कि रात को मासूम शर्मा की कार के एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हालांकि अभी तक सिंगर मासूम शर्मा के बयान दर्ज नहीं हुए हैं। बयान दर्ज होने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## नारनौल में ओवर स्पीड ने ली 2 की जान, वीडियों सामने आने के बाद खुला हादसे का राज

**संवाददाता**

**नारनौल।** 4 मार्च को हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई थी। अब इसका एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें दिख रहा है कि एक युवक गाड़ी को 180 की स्पीड पर चलाने की कोशिश कर रहा है। वह जब 140 की स्पीड से ऊपर जाता है तो जोरदार धमाके के साथ गाड़ी पलट जाती है। हादसे में 2 युवकों की मौत हो जाती है। पोस्टमार्टम के समय परिजनों ने नीलगाय से हुआ हादसा दिखाया था। घायल युवक के बयान पर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**4 मार्च को हुआ था हादसा**

4 मार्च को ओवर स्पीड के कारण एक हुंडई वरना कार नेशनल हाईवे न 148 बी पर पलट गई थी। इस हादसे में सचिन नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं मोहित ने भी जयपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। गाड़ी चला रहा गांव घाटाशेर आशीष व रवि बुरी तरह घायल हो गए थे। रवि को इलाज के बाद 10 मार्च को छुट्टी मिली। इसके बाद रवि ने पुलिस में शिकायत दी है।

**गाड़ी में ये थे सवार**

रवि ने बताया है कि गत 4 मार्च को वह मोहित, सचिन तथा आशीष निवासी घाटाशेर, हुंडई वरना गाड़ी में सवार होकर निजामपुर से नेशनल हाइवे नंबर 148 बी की तरफ जा रहे थे। गाड़ी आशीष चल रहा था। वह आशीष के बराबर में बैठा था। पीछे की सीट पर सचिन व मोहित बैठे थे। आशीष गाड़ी को बहुत ज्यादा स्पीड पर चलाने लगा तो उन्होंने उसको रोकने के लिए बार-बार कहा।

**मोहित ने बनाया हादसे का वीडियो**

आशीष के गाड़ी चलाते हुए की वीडियो मोहित ने अपने मोबाइल में बना ली। आशीष को बार-बार रोकने पर भी वह नहीं रुक तथा उनको मारने की नीयत से गाड़ी को बहुत तेज स्पीड में चलाने लगा। मुकुंदपुर गांव के पास तेज स्पीड होने के कारण गाड़ी पलट गई। इस दुर्घटना में सचिन की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य तीनों को रेफर कर दिया गया था। जिसमें मोहित की भी मौत हो गई थी।



**वीडियो में ये दिखा**

पुलिस ने आशीष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अब इस हादसे की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि आरोपी आशीष गाड़ी को 140 की स्पीड से भी ज्यादा चलने लगा था तथा अन्य के बार-बार रोकने पर भी वह नहीं रुक रहा था। ऐसे में युवाओं के लिए यह वीडियो एक सबक भी है कि गाड़ी को ओवर स्पीड चलाने से किस प्रकार हादसा हो सकता है।

## सोनीपत में कार का शीशा तोड़ उड़ाए 2 लाख, दिल्ली जाते वक्त ढ़ाबा पर खाना खाने रुके थे

**संवाददाता**

**सोनीपत।** ढ़ाबा पर खाना खाने रुके व्यक्तियों की कार का शीशा तोड़कर चोर एक बैग चोरी कर ले गए। बैग में 2 लाख रुपए, एक लैपटॉप और अन्य सामान था। सूचना के बाद बहालगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी चैक किए। पुलिस ने फिलहाल धारा 455, 380 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**लुधियाना से आए थे**

बताया गया है के दिल्ली के दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर का रहने वाला वरुण कॉस्मैटिक्स एंड ब्यूटी इक्विपमेंट का काम करता है। 17 मार्च को वह अपने साथ काम करने वाले नंदन कुमार और बम बम माझी के साथ अपनी कार से दिल्ली से लुधियाना में डॉ. छतर सिंह की ब्यूटी मशीन ठीक करने और एक नई मशीन देने के लिए गए थे। वहां से काम निपटाने के बाद तीनों लुधियाना से दिल्ली आ रहे थे।

**रात साढ़े 9 के बाद वारदात**

सोनीपत में जीटी रोड पर बहालगढ चौक के पास खाना खाने के लिए फौजी ढाबा पर रुके थे। रात को 9÷30 बजे वे खाना खाने गए और करीब 10 बजे अपनी कार के पास आए तो गाड़ी का ड्राइवर साइड की पिछली खिड़की का शीशा टूटा हुआ था। कार खोल कर चैक किया तो कार के पिछले डेस्क बोर्ड पर रखा बैग नहीं मिला।




**ये था बैग में**

वरूण ने बताया कि उसके बैग में डॉ. छतर सिंह द्वारा दिए गए 2 लाख रुपए थे। बैग के अन्दर ही उसका लैपटॉप, पासपोर्ट व एक डायरी, जिसमें वे अपना हिसाब किताब लिखते थे। वरुण ने इसके बाद डायल 112 पर काल कर चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद ✓स्ढ्ढ अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन की। पुलिस ने वरुण के बयान पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## मोटा अनाज कई बीमारियों से रखता है दूर

**संवाददाता**

**नारनौल।** लोगों को गेहूं के उपभोग की आदत से मुक्त करने के लिए भारत की पहल पर वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। मोटा अनाज इंसान को कई प्रकार की बीमारियों को दूर रखता है। उपायुक्त डॉ जयकृष्ण आभीर ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे खाने में मोटे अनाज की आदत डालें।

डीसी ने कहा कि विश्व स्तर पर चलाए गए इस अभियान को जिला महेंद्रगढ़ में भी सफल करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है। जिला के किसान भी मोटे अनाज की खेती करें। इसकी खेती में कम पानी प्रयोग होता है तथा इसके उत्पादन करने में खर्च भी कम आता है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित होने से धीरे-धीरे किसान मोटे अनाज की खेती में स्थानांतरित होंगे।

उपायुक्त ने बताया कि भारत की पहल पर वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित करने का संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए श्री अन्न (मोटा अनाज) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में पिछले वर्ष 1 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया था । पिछली बार लक्ष्य के विरुद्ध 1.15 हेक्टेयर में बाजरा की खेती लगाई गई थी। इस बार सरकार के निर्देशानुसार 1.15 लाख हेक्टेयर में बाजरा की खेती करने का लक्ष्य है। जिला में मोटे अनाज की बाजरा प्रमुख फसल है। मोटा अनाज उगाने के लिए किसानों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए हरियाणा सरकार ने बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य देश में सबसे अधिक किया हुआ है। ऐसी योजनाओं से किसान धीरे-धीरे मोटे अनाज की ओर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि एक तरफ मोटा अनाज के प्रयोग करने के लिए आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। अब धीरे-धीरे नागरिक मोटा अनाज अपनाने लगे हैं।

**पोषक अनाज के ये हैं पांच प्रमुख स्वास्थ्य लाभ**

**1 पाचन स्वास्थ्य के लिए अच्छा है**

पोषक अनाज फाइबर से भरपूर होते हैं जो पाचन में मदद करते हैं और आंतों की समस्याओं से छुटकारा दिलाते हैं। ये अधिक गैस, सूजन, कब्ज और ऐंठन जैसी समस्याओं को दूर करते हैं।

**2 ग्लूटेन फ्री**

अधिकांश पोषक अनाज स्वाभाविक रूप से ग्लूटेन मुक्त होते हैं। इन्हें पूरे बीज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। उदाहरण के लिए खिचड़ी में चावल की जगह इस्तेमाल कर सकते हैं, या बेकिंग के लिए पोषक अनाज का आटा इस्तेमाल कर सकते हैं।

**3 रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने में मदद करें**

पोषक अनाज में गेहूं व मक्का की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं। इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। पोषक अनाज मधुमेह रोगी के लिए एक स्वस्थ आहार का हिस्सा हो सकते हैं जो ब्लड शुगर को नियंत्रित रखते हैं और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं।

**4 एंटीऑक्सिडेंट, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर**

पोषक अनाजों में करक्यूमिन, एल.जिक एसिड, क्रेरसेटिन जैसे कई एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं। रागी कैल्शियम के लिए उच्चतम सामग्री वाला पोषक अनाज है। कुछ पोषक अनाज मैग्नीशियम से भी भरपूर होते हैं जो ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डियों की क्षति को कम करते हैं।

**5 वजन प्रबंधन के लिए अच्छा है**

पोषक अनाज भूख की महसूस को कम करते हैं। पोषक अनाजों में कैलोरी की मात्रा कम होती है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और वजन को नियंत्रित रखने में भी मदद करते हैं।

**मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभकारी - सीएमओ**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। अधिकांश पोषक अनाज स्वाभाविक रूप से ग्लूटेन मुक्त होते हैं। हमें शुरुआत में धीरे-धीरे गेहूं के साथ मोटे अनाज को मिलाकर प्रयोग करना चाहिए। बीमारियों से बचाव के लिए हमें अच्छा व संतुलित खानपान रखना चाहिए।

**आदमपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री का दौरा**

## उप-चुनाव में हार के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के बहाने जयप्रकाश करेंगे धन्यवाद कार्यक्रम

**संवाददाता**

**हिसार।** आदमपुर उप चुनाव में भाजपा के भव्य बिश्नोई से हारे कांग्रेसी उम्मीदवार जयप्रकाश करीब पांच महीने बाद हलके में दौरा करेंगे। वह कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के बहाने 21 से 24 मार्च तक दौरा करेंगे। ऐसे में आदमपुर उप चुनाव में हार के पांच महीने बाद आदमपुर की जनता के बीच वोट देने के लिए धन्यवाद दौरा करने जा रहे हैं। हाल ही में जयप्रकाश को पार्टी ने इस अभियान का जिला इंचार्ज नियुक्त किया है।

**हर दिन 12 से 13 गांव करेंगे कवर**-जयप्रकाश के टूर प्रोग्राम में हर दिन 12 से 13 गांवों में धन्यवाद करने के कार्यक्रम हैं। सुबह 9 बजे से शुरू होकर रात के 8 बजे तक वह अपने समर्थकों के बीच रहेंगे। हालांकि उप चुनाव के बाद भी वह अपने समर्थकों से मुलाकात करने आदमपुर गए थे, परंतु जनता का आभार जताने के लिए पहली बार जा रहे हैं।



21 से 24 मार्च तक रहेगा कार्यक्रम

**कुलदीप समर्थकों ने तोड़ दी थी गाड़ी**-आदमपुर उप चुनाव के रिजल्ट के बाद कांग्रेसी नेता जयप्रकाश अपने समर्थकों के साथ जब बाहर आए तो कुलदीप समर्थकों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। गाड़ी पर पथराव किया गया और शीशे तोड़ दिए गए। पुलिस ने कुलदीप समर्थकों को हटाकर उन्हें रवाना किया। जयप्रकाश ने कुलदीप बिश्नोई पर हमला करने के आरोप लगाए और पुलिस को कई लोगों के नाम सहित शिकायत दी।

**भव्य ने 15740 वोट से हराया**

नवंबर 2022 को हुए उप चुनाव में भाजपा ने कुलदीप के बेटे भव्य बिश्नोई को चुनाव मैदान में उतारा। भव्य बिश्नोई ने जयप्रकाश को 15740 वोट से हराया। भजन लाल परिवार 1967 से लगातार यह सीट जीतता आ रहा था। कुलदीप बिश्नोई कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का पद न मिलने से कांग्रेस हाईकमान से नाराज थे। इसलिए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग पर उन्हें कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य से हटा दिया।

कुलदीप ने 3 अगस्त को आदमपुर के कांग्रेस विधायक पद से इस्तीफा दे दिया और 4 अगस्त को भाजपा जॉइन की।

## सोनीपत में नहर में गिरी कार, गेस्ट टीचर की मौत



**संवाददाता**

**सोनीपत।** रविवार को एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। दर्दनाक हादसे में कार में सवार महिला गेस्ट टीचर की मौत हो गई। राहगिरों ने उसके पति व दो बच्चों को निकाल लिया। तीनों की जान बच गई। कुंडली पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है। बताया गया है कि विकास नगर के सोनीपत के रहने वाले संजीव की पत्नी सुमन (38) गांव चिटाना के स्कूल में गेस्ट टीचर थी। वह रविवारसुबह पति व अपने दो बच्चों तेजस व बेटी कनिका के साथ गाड़ी में सवार होकर दिल्ली के बापड़ौदा जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार अनियंत्रित होकर गांव बिंदरोली-नाहरा के बीच दिल्ली पैररल नहर में जा गिरी। राहगिरों ने कार को किसी तरहे से बाहर निकाला। इसमें संजीव और दोनों बच्चों की तो जान बच गई, लेकिन सुमन की मौत हो गई। हादसे के बाद कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने संजीव और उसके बच्चों से हादसे को लेकर जानकारी ली है। पुलिस छानबीन में लगी है।

## रेवाड़ी में जिंदा जल गए 3 बच्चे, मां-बाप की हालत गंभीर; घरेलू कलह के चलते आत्महत्या की आशंका

**संवाददाता**

**रेवाड़ी।** जिले में रविवार को एक ही परिवार के 3 मासूम बच्चों की जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि उनके माता-पिता बुरी तरह झुलसे हुए है। बताया जा रहा है कि घर के मुखिया ने घरेलू कलह के चलते ये कदम उठाया। पड़ोसी जब उन्हें बचाने पहुंचे तो पांचों के आपस में रस्सी से पैर बंधे हुए थे। कसौला थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। गंभीर रूप से घायल दंपती को रोहतक PGI में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, रेवाड़ी जिले के गांव गढ़ी बोलनी निवासी लक्ष्मण एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। शनिवार को किसी बात को लेकर परिवार में ही उसके झगड़ा हुआ था। रात में परिवार के सभी सदस्य घर में सोए हुए थे। बताया जा रहा है कि रात करीब 1 बजे घर के अंदर से जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। पड़ोसी जितेंद्र और उसका भाई घर पहुंचे तो खिड़की (रोशनदान) उखड़ा हुआ था, जबकि छत का कुछ हिस्सा भी धमाके से टूटा हुआ था।



**पैर रस्सी से बंधे मिले**

धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसी जितेन्द्र और अन्य लोग जब लक्ष्मण के घर पहुंचे तो रसोई में रखे दोनों सिलेंडर लीक मिले। इतना ही नहीं, चूल्हा भी खुला हुआ था। कमरे में धुआं भरा हुआ था। अंदर जाकर जब बेसुध पड़े परिवार के एक सदस्य को निकालने की कोशिश की तो उसके साथ अन्य भी बाहर की तरफ खिंचने लगे। पड़ोसियों ने जब पांचों को बाहर निकाला तो सभी के पैर रस्सी से बंधे हुए थे। इसके बाद उन्हें फोरन रात में ही पहले ट्रॉमा सेंटर भर्ती कराया।

**3 बच्चों ने तोड़ा दम**

पांचों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत रोहतक PGI के लिए रेफर कर दिया गया, जहां बेटी अनीषा (16), निशा (14) व बेटे हितेश (12) ने दम तोड़ दिया, जबकि लक्ष्मण (34) व उसकी पत्नी रेखा (31) की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि घर में जहरीले पदार्थ के कुछ खाली पाउच भी मिले है, जिससे अंदेशा ये भी लगाया जा रहा है कि उन्होंने पहले जहरीला पदार्थ खाया हो। कसौला थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सिरसा में अमृतपाल समर्थकों का हंगामा, पंजाब में एक्शन के बाद नेशनल हाईवे जाम करने की कोशिश

**संवाददाता**

**हिसार।** पंजाब में अमृतपाल के समर्थकों की गिरफ्तारी के विरोध में सिरसा में मोरीवाला के पास उसके समर्थकों ने रोड जाम करने का प्रयास किया। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस की सख्ती के चलते वे सफल नहीं हुए। इससे पहले सुबह से ही मोरीवाला गांव के गुरुद्वारे में उसके समर्थक इकट्?ठा होना शुरू हो गए थे। पंजाब के साथ सीमावर्ती जिला होने के कारण सिरसा पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। अमृतपाल ने करीब 3 दिन पहले सरदूलगढ़ एरिया में एक धार्मिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया था। अमृतपाल के समर्थक मनिंदर सिंह ने कहा कि पंजाब में केंद्र सरकार के इशारे पर पंजाब सरकार ने गुंडागर्दी मचा रखी है। अमृतपाल लोगों को गुरु ग्रंथ साहिब से जोड़ रहा था। नशे के खिलाफ प्रचार कर रहा था। परंतु सरकार उस पर एक्शन ले रही है। हम शांतिमय तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। दोनों सर्विस रोड चल रहे थे। हम रोड पर सतनाम वाहेगुरु का जाप कर रहे थे। सिख समाज के लोग गुरुद्वारा में इक्ट्ठा हुए थे, पुलिस वहां से निकालने का प्रयास कर रही है।



**अमृतपाल की गिरफ्तारी को लेकर सर्च ऑपरेशन**

पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में अमृतपाल को गिरफ्तार करने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। पुलिस ने उसके करीब 78 समर्थकों को पकड़ा है। अमृतपाल को पंजाब पुलिस ने भगोड़ा करार दे दिया है। पंजाब के कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। पंजाब पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की कंपनियां कई जिलों में तैनात है। अमृतपाल के गांव में भारी पुलिस बल तैनात है।

# 420 करोड़ की कर चोरी मामले में अनिल अंबानी को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत




**मुंबई ।**

देश के प्रमुख कारोबारी मुकेश अंबानी के भाई और रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बांबे हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कालाधन कानून के तहत कथित कर चोरी से जुड़े एक मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए आयकर विभाग को कई अहम निर्देश जारी किए हैं। इसमें सबसे बड़ी राहत पेनल्टी नोटिस पर आयकर विभाग को 17 मार्च तक कार्रवाई करने से रोकना है। अनिल अंबानी को कालाधन कानून-2015 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसे अनिल ने बांबे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर न्यायमूर्ति जीएस पटेल और नीला गोखले की पीठ ने आदेश जारी किया। आयकर विभाग ने अनिल अंबानी को 420 करोड़ रुपए की कथित टैक्स चोरी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। आयकर विभाग ने अंबानी को ये नोटिस 8 अगस्त 2022 को जारी किया था। नोटिस के मुताबिक अनिल अंबानी के पास स्विस बैंक खाते में 814 करोड़ रुपए से अधिक की अघोषित आय को छिपा कर रखा गया है। इस पर करीब 420 करोड़ रुपए का टैक्स बनता है। अनिल की ओर से वरिष्ठ वकील रफीक दादा ने दलील पेश की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कारण बताओ नोटिस के साथ ही आयकर विभाग ने पेनल्टी नोटिस भी जारी किया है। उन्होंने हाईकोर्ट में इसी नोटिस को चुनौती दी है। वहीं याचिका में संशोधन की अनुमति भी मांगी। इस पर हाईकोर्ट ने याचिका में संशोधन की अनुमति दे दी है। साथ ही आयकर विभाग को 17 मार्च की अगली सुनवाई तक पेनल्टी नोटिस पर कोई कार्रवाई करने से रोक दिया है।

# एफसीआई ने पांचवें नीलामी दौर में 5.39 लाख टन गेहूं बेचा



**मुंबई ।**

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने ई-नीलामी के पांचवें दौर में आटा मिलों सहित अन्य थोक उपभोक्ताओं को 5.39 लाख टन गेहूं बेचा। खाद्य मंत्रालय के अनुसार गेहूं और गेहूं आटे की खुदरा कीमतों को कम करने के कदमों के तहत पिछले चार दौरों में लगभग 23.47 लाख टन गेहूं खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत थोक उपयोगकर्ताओं को बेचा गया था। अगली साप्ताहिक ई-नीलामी 15 मार्च को होगी। ई-नीलामी का पांचवां दौर नौ मार्च को आयोजित किया गया था और एफसीआई के 23 क्षेत्रों में स्थित 657 डिपो से लगभग 11.88 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए रखा गया था। मंत्रालय ने कहा` कि 1,248 बोलीदाताओं को करीब 5.39 लाख टन गेहूं बेचा गया है। औसत आरक्षित मूल्य 2,140.29 रुपए प्रति क्विंटल के मुकाबले भारित औसत बिक्री मूल्य 2,197.91 रुपए प्रति क्विंटल था। बयान में कहा गया है कि बोली की अधिकतम संख्या 100 से 499 टन तक की मात्रा के लिए थी, इसके बाद 500-999 टन और 50-100 टन के लिए लगाई गई थी।

मंत्रालय के अनुसार नीलामी के दौरान कुल कीमत बताती है कि बाजार नरम हो चला है और कीमतें औसतन 2,200 रुपए प्रति क्विंटल से नीचे चल रही हैं। नीलामी के चार दौर में बिके करीब 23.47 लाख टन गेहूं में से 19.51 लाख टन का उठाव खरीदारों ने कर लिया है। पहली नीलामी के बाद ओएमएसएस के तहत गेहूं की संचयी बिक्री 45 लाख टन के कुल आवंटन के मुकाबले 28.86 लाख टन तक पहुंच गई।

# दिवालिया हुआ अमेरिका का सिलिकॉन वैली बैंक

## बैंक की वित्तीय हालत को देखते हुए इसे बंद करने का फैसला लिया गया

**नई दिल्ली ।** अमेरिका का बड़ा बैंक सिलिकॉन वैली दिवालिया हो गया है। सिलिकॉन वैली बैंक को इसके` नियामक ने बंद कर दिया है। बैंक के दिवालिया होने के बाद उसकी संपत्ति को सीज कर दिया गया है। फेडरल डिपाजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एफडीआईसी) की ओर से इसकी जानकारी दी गई है। बैंक के बंद होने के बाद एक बार फिर से अमेरिका बैंकिंग संकट के मुहाने पर आ खड़ा हुआ है। अमेरिका पर एक बार फिर से बैंक गंभीर वित्तीय संकट में घिर गया है। अमेरिका के इस बैंक के बंद होने की खबर का असर दुनियाभर के देशों पर देखा जा सकता है। इस खबर के आने के बाद बैंकिंग सेक्टर के बेंचमार्क स्टॉक इंडेक्स में अचानक 8.1 फीसदी गिरावट आ गई। ये गिरावट पिछले तीन सालों में एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट है। भारतीय शेयर बाजार पर भी इसका असर पड़ा है। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान के साथ बंद हुआ है। अमेरिका के इस बैंक के बंद होने के बाद हर तरफ उथल-पुथल देखने को मिल रही है। बैंक क दिवालिया होने की खबर से दुनिया भर के बाजारों में अगले कुछ दिनों तक नेगेटिव सेंटिमेंट बना रह सकता है। भारतीय बाजार भी इससे अछूता नहीं है। वहीं दुनियाभर पर एक बार फिर से मंदी का खतरा मंडराने लगा है। बैंक की वित्तीय हालत को देखते हुए इसे बंद करने का फैसला लिया गया। कैलिफोर्निया के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल प्रोटेक्शन और इनोवेशन ने इसे बंद करने का निर्देश दिया। वहीं सिलिकॉन वैली बैंक के ग्राहकों की जमापूंजी की सुरक्षा की जिम्मेदारी एफडीआईसी को सौंपी गई है।

गौरतलब है कि सिलिकॉन वैली बैंक अमेरिका का 16वां सबसे बड़ा बैंक है, जिसके पास 210 अरब डॉलर से अधिक का एसेट्स है। अमेरिका के कई शहरों में इसके ब्रांच फैले हैं। दरअसल ब्याज बढ़ने से बैंक के हालात बिगड़ते चले गए। सिलिकॉन वैली बैंक टेक कंपनियों और नए वेंचर्स को फाइनेंशियल सपोर्ट देता है। बैंक का करीब 44 फीसदी कारोबार टेक और हेल्थकेयर कंपनियों के साथ है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में लगातार हो रही बढोतरी के चलते इन सेक्टर्स पर बुरा असर पड़ा है।

# ओला, उबर ने महाराष्ट्र में एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए आवेदन किया




**मुंबई ।**

केंद्र और महाराष्ट्र सरकार द्वारा लाए गए दिशानिर्देशों के तहत ऐप आधारित कैब सेवा मुहैया कराने वाली कंपनियों के लिए एग्रीगेटर लाइसेंस अनिवार्य हो गया है। सरकार फिलहाल इन सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने पर प्रभावी रूप से कार्रवाई नहीं कर पाती है और एग्रीगेटर लाइसेंस लेने से हालात बदल सकते हैं। महाराष्ट्र में ऐप आधारित टैक्सी और ऑटो 2014 से संचालित हैं। अधिकारी ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए दोनों कंपनियों ने मुंबई के तारदेव आरटीओ में आवेदन किया है, जिसका अधिकार क्षेत्र लगभग पूरे शहर में है। तारदेव आरटीओ के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी भारत कलास्कर ने बताया कि उन्हें तीन-चार दिन पहले ओला, उबर से आवेदन मिले हैं। उन्होंने बताया कि आवेदनों की जांच की जा रही है और इसके बाद लाइसेंस देने पर निर्णय लेने के लिए इन्हें मुंबई महानगर क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (एमएमआरटीए) के पास भेजा जाएगा।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव

## - क्रूड का भाव 1.19 डॉलर बढ़कर 82.78 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में शनिवार को हल्की तेजी देखने को मिल रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड आज 0.96 डॉलर बढ़कर 76.68 डॉलर प्रति बैरल बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड का भाव 1.19 डॉलर बढ़कर 82.78 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। देश में भी कई जगहों पर पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल की कीमत में 63 पैसे की गिरावट है और ये 95.07 रुपए प्रति लीटर के भाव पर बिक रहा है। डीजल भी यहां 57 पैसे सस्ता हुआ है और इसकी कीमत 84.38 रुपए प्रति लीटर हो गई है। हिमाचल के अलावा हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक और तेलंगाना समेत कुछ अन्य राज्यों में भी पेट्रोल-डीजल के दाम गिरे हैं। दूसरी ओर पंजाब में पेट्रोल 47 पैसे महंगा होकर 97.81 रुपए प्रति लीटर और डीजल 45 पैसे बढ़कर 88.15 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। इसी तरह पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु व महाराष्ट्र समेत कुछ अन्य राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा आया है। देश के चारों महानगरों में ईंधन की कीमतें जस की तस हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.62 रुपए और डीजल 89.81 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.30 रुपए और डीजल 94.09 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर बढ़ा



**मुंबई ।** पिछले चार हफ्ते से देश के विदेशी मुद्रा भंडार में हो रही कमी का सिलसिला शुक्रवार को टूट गया। शुक्रवार को जैसे ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सांख्यिकी विभाग ने आंकड़े जारी किए वैसे ही पिछले लंबे समय से चला आ रहा गिरावट का दौर खत्म हो गया। रिजर्व बैंक के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पांच सप्ताह में पहली बार बढ़ा है और 3 मार्च को समाप्त सप्ताह के अंत में ये 562.40 अरब डॉलर रहा।रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले सप्ताह के अंत में भंडार में 1.46 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। इससे पहले पिछले चार हफ्तों में कुल 15.8 अरब डॉलर की गिरावट के बाद 24 फरवरी को समाप्त सप्ताह में भंडार में 560.94 अरब डॉलर था। इससे पहले 10 फरवरी को जो सप्ताह खत्म हुआ था उसमें विदेशी मुद्रा भंडार 566.94 अरब डॉलर रहा था। वहीं 3 फरवरी को खत्म हुए सप्ताह में 575.27 अरब डॉलर रहा था। उस हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में 1.49 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिली थी। इतनी लंबी गिरावट के बाद पहली बार बढ़ोतरी देखने को मिली है।



# 22 साल बाद इंफोसिस को छोड़, टेक महिंद्रा को हुए मोहित जोशी

**मुंबई ।** टेक कंपनी इंफोसिस के प्रेसिडेंट मोहित जोशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 22 सालों तक वहां इंफोसिस के साथ जुड़ रहे। साल 2000 में वहां इंफोसिस से जुड़े थे। उन्होंने कंपनी के फाइनेंशियल सर्विसेज, हेल्थ केयर और लाइफ साइंसेस बिजनस सेगमेंट की अहम जिम्मेदारी संभाली। आईटी कंपनी से जुड़े रहने के बाद मोहित जोशी टेक महिंद्रा के साथ जुड़ने जा रहे हैं। मोहित जोशी को टेक महिंद्रा का एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया है। 1 मार्च 2023 से ही मोहित छुट्टी पर चल रहे हैं। 9 जून 2023 को इंफोसिस बोर्ड में उनका आखिरी दिन होगा। टेक महिंद्रा की ओर से इसकी जानकारी दी गई है। टेक महिंद्रा ने एक्सचेंज को सूचित किया है कि मोहित 20 दिसंबर 2023 से टेक महिंद्रा कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के तौर पर शामिल होने वाले हैं। उनकी नियुक्ति 5 सालों के लिए की गई है। टेक महिंद्रा में उनकी नियुक्ति 20 दिसंबर 2023 से 19 दिसंबर 2028 तक के लिए की गई है। वहां यहां सीपी गुरनानी की जगह लेने वाले है। टेक महिंद्रा के साथ अपनी नई पारी की शुरुआत करने वाले मोहित जोशी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री हासिल की है। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से बैचलर डिग्री हासिल की है। इसके अलावा उन्होंने हावर्ड कैंडी स्कूल से ग्लोबल लीडरशिप एंड पब्लिक पॉलिसी प्रोग्राम किया है।

# भारी उतार-चढ़ाव के बीच इक्विटी म्युचुअल फंडों की ओर रहा ग्राहकों का रुझान

**मुंबई ।** इक्विटी म्युचुअल फंडों ने शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच फरवरी, 2023 में 15,685 करोड़ रुपए आकर्षित किए। यह नौ महीनों में सबसे अधिक शुद्ध निवेश रहा। इक्विटी म्युचुअल फंडों ने जनवरी, 2023 में 12,546 करोड़ रुपए और दिसंबर, 2022 में 7,303 करोड़ रुपए जुटाए थे। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में इक्विटी आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में लगातार 24वें महीने शुद्ध आवक हुई। इक्विटी फंडों में बेहतर आवक से समर्थित, म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले महीने 9,575 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हासिल किया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआइ) के निकासी से उत्पन्न शेयर बाजारों में अस्थिरता का मुकाबला करने के लिए निवेशकों को अनुशासित तरीके से निवेश जारी रखना चाहिए।

# अर्थव्यवस्था को कैसे खराब करते हैं नकली नोट?



**नई दिल्ली।** जाली भारतीय नोटों को एफआईसीएन या फेक इंडियन करेंसी नोट्स कहा जाता है। सबसे अधिक एफआईसीएन की प्रिंटिंग पाकिस्तान में की जाती है। इसे फिर सीधे भारत–पाकिस्तान सीमा से या अन्य पड़ोसी मुल्कों के रास्ते भारत में भेजा जाता है। जानकारों के अनुसार बांग्लादेश और नेपाल के रास्ते बड़ी मात्रा में फर्जी करेंसी नोट भारत पहुंचते हैं। फर्जी नोट का सीधा और दोगुना फायदा आतंकी संगठनों को पहुंचता है। आरबीआई बाजार में मुद्रा प्रवाह का संतुलन बनाए रखने के लिए एक तय सीमा में ही नोटों की छपाई करता है। सीमा से अधिक नोट बाजार में उतर जाने से लोगों के हाथ में पैसा ज्यादा आ जाता है। इससे वस्तुओं और सेवाओं की अप्रत्याशित तरीके से मांग बढ़ती है। इसका फिर उल्टा असर शुरू होता है। मांग अचानक बढ़ने और आपूर्ति पहले जितनी ही रहने से बाजार में सामान की कमी होने लगती है और जो थोड़ा–बहुत सामान मौजूद है उसकी कीमत आसमान छूने लगती है। यहां फिर पैसे की कीमत तेजी से गिरने लगती है और अर्थव्यवस्था तहस–नहस हो जाती है। इससे आतंकी संगठनों के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनती हैं। फर्जी नोटों के जरिए ही आंतकी संगठनों को पैसे दिए जाते हैं। इन्हीं पैसों का इस्तेमाल कर असली करेंसी खरीदते हैं या फिर फर्जी करेंसी से ही अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी करते हैं। फिर उनका इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों में किया जाता है। फर्जी करेंसी को आर्थिक आतंकवाद के रूप में देखा जाता है।

# अदानी ग्रुप अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड में अपनी 4 से 5 फीसदी बेच सकता है हिस्सेदारी

## कर्ज चुकाने व निवेशकों का भरोसा बहाल करने की कवायद




**नई दिल्ली ।**

कर्ज चुकाने के लिए अदानी ग्रुप बड़ा फैसला ले सकता है। खबर है कि कर्ज को कम करने के लिए अदानी ग्रुप अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड में अपनी 4 से 5 फीसदी हिस्सेदारी बेच सकता है। हिस्सेदारी की कीमत 450 मिलियन डॉलर (3680 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अदानी ग्रुप को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। समूह लगातार अपने निवेशकों के भरोसे को बहाल करने के लिए कदम उठा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अदानी ग्रुप ने अंबुजा सीमेंट्स में 4 से 5 फीसदी की हिस्सेदारी बेचने के लिए इंटरनेशनल कर्जदाताओं से अनुरोध किया है। हालांकि, अदानी ग्रुप की तरफ से इसको लेकर आधिकारिक रूप से किसी भी तरह का बयान फिलहाल नहीं जारी किया गया है। अंबुजा सीमेंट्स में अडानी ग्रुप की 63 फीसदी हिस्सेदारी है। समूह ने पिछले साल ही 10.5 अरब डॉलर की डील में इस सीमेंट कंपनी का अधिग्रहण किया था। अगर ये डील आगे बढ़ती है, तो संकट के दौर से गुजर रहे अदानी समूह की ये पहली संपत्ति बिक्री होगी। अदानी ग्रुप लगातार अपने कर्ज को कम करने की कोशिश में जुटा हुआ है। इस हफ्ते की शुरुआत में ब्लूमबर्ग ने बताया कि अडानी समूह ने 9 मार्च को 500 मिलियन डॉलर का ब्रिज लोन चुका दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार इस कर्ज को अडानी ग्रुप ने एसीसी लिमिटेड और अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदने के लिए लिया था। अदानी ग्रुप के शेयर 1.74 फीसदी की गिरावट के साथ शुक्रवार को 378.00 पर बंद हुए। बीते दिन ये स्टॉक 380.00 रुपये पर ओपन हुआ और 382.35 रुपये के इंट्राडे हाई पर पहुंचा और इसका लो 373.40 रुपये रहा. इस स्टॉक का 52 वीक का हाई 598.00 रुपये है और लो लेवल 288.50 रुपये है। हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट के बाद ये स्टॉत भी टूटा था, लेकिन इसने रिकवरी की है। हिंडेनबर्ग ने 24 जनवरी को पब्लिश अपनी रिपोर्ट में अदानी समूह पर शेल फर्मों के माध्यम से स्टॉक हेरफेर और धोखाधड़ी का आरोप लगाया था. 24 जनवरी को प्रकाशित रिपोर्ट ने अदानी के शेयरों में भारी उथल-पुथल मचा दी. इस वजह ग्रुप की कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन में लगभग 60 से 70 प्रतिशत की गिरावट आ गई थी। मुश्किल दौर से गुजर रहे अदानी ग्रुप की कंपनियों में बुटीक इन्वेस्टमेंट फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स ने बड़ा दांव लगाते हुए 15,446 करोड़ रुपये निवेश किया। इसके बाद अदानी ग्रुप के शेयरों ने जोरदार उड़ान भरी है।

# मारुति सुजुकी लांच करेंगी 2 नई फोर-व्हीलर

## -लॉन्च से पहले ही 2 35,000 बुकिंग

**नईदिल्ली ।** अगले महीने मारुति सुजुकी कंपनी 2 नई फोर-व्हीलर लॉन्च करने जा रही है। पहली एक ऑफ रोड एसयूवी मारुति जिम्नी है और दूसरी बिल्कुल नई कार फ्रोंक्स है। लॉन्च होने से पहले ही मारुति लवर इन दोनों कारों पर लट्टू हो गए हैं। कुछ ही दिनों में दोनों की बुकिंग 35,000 के पार पहुंच गई है। मारुति ने अब तक इनकी लॉन्चिंग डेट का खुलासा नहीं किया, लेकिन उम्मीद की जा रहा है कि अगले महीने यानी अप्रैल में लॉन्च किया जा सकता है।5 डोर जिम्मी को खरीदने के लिए महज 25,000 रुपये में बुक कर सकते हैं।इसके लिए मारुति की वेबसाइट और मारुति डीलरशिप पर बुकिंग खुली हुई है।दूसरी तरफ फ्रोंक्स को सिर्फ 11,000 रुपये में बुक किया जा सकता है। एक मीडिया रिपोर्ट में मारुति ने खुद कन्फर्म किया है कि दोनों कारों के लिए अब तक करीब 35 हजार बुकिंग मिल चुकी हैं।जिम्नी को करीब 21,000 लोगों ने बुक किया है, वहीं फ्रोंक्स को 12,000 लोगों ने बुक किया है।जल्द ही दोनों की बुकिंग और बढ़ सकती है।दूसरी तरफ जिम्नी में 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन होगा, जो 103 बीएचपी की पावर और 134 एनएम पीक टॉर्क विकसित करता है।बेहतर ऑफ-रोड के लिए आलग्रीप प्रो 4गुणा4 सिस्टम के साथ 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स और 4-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन शामिल होगा। सुजुकी फ्रोंक्स की कीमतें अगले महीने यानी अप्रैल में सामने आएंगी, जबकि जिम्नी 5-डोर इस साल मई में लॉन्च होने की संभावना है। लॉन्च होने पर फ्रोंक्स मारुति की सबसे सस्ती सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी होगी और इसकी कीमत 7.50 लाख रुपये होने की उम्मीद है, जबकि जिम्नी 5-डोर की कीमत 12 लाख रुपये, एक्स-शोरूम से शुरू होने की संभावना है।

# शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा) सेंसेक्स और निफ्टी एक फीसदी की गिरावट पर बंद




**मुंबई ।**

बीते सप्ताह शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई लेकिन फेड रेट हाइक की चिंता से पिछले हफ्ते बाजार में दिखा दबाव देखा गया जिसके चलते बीते हफ्ते सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ हुए। पिछले सप्ताह मंगलवार को होली के पर्व के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहा, जिसके कारण पांच कारोबारी दिनों में से बाजार में केवल चार दिन ही कारोबार हुआ। बीते सप्ताह शेयर बाजार में सोमवार और बुधवार को तेजी लेकिन गुरुवार और शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह के चार कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 198 अंक चढ़कर 60,007 पर खुला और 415.49 अंकों की बढ़त के साथ 60,224.46 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 86 अंकों की तेजी के साथ 17,680 पर खुला और 117.10 अंक उछलकर 17,711.45 अंकों पर बंद हुआ। मंगलवार शेयर बाजार होली पर बंद रहा। बुधवार को सेंसेक्स 59,926.91 अंकों के लेवल पर खुला और अंकों की तेजी रही है और यह 60,348.09 के लेवल पर बंद हुआ है। निफ्टी 103.95 अंकों की गिरावट के साथ 17,607.60 अंकों पर खुला और 43 अंक चढ़कर 17,754 के लेवल पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स करीब 143 अंकों की गिरावट के साथ 60,204 के स्तर पर खुला और 542 अंकों की कमजोरी रही है और यह 59,806 पर बंद हुआ। निफ्टी 39 अंकों की नरमी के साथ 17,714 के स्तर पर खुला और 165 अंक टूटकर 17,590 पर बंद हुआ है। शुक्रवार को सेंसेक्स 546 अंकों के नुकसान के साथ 59,260 पर खुला और 671.15 अंक (1.12 फीसदी) की गिरावट के साथ 59,135.13 पर बंद हुआ। निफ्टी 146 अंक गिरकर 17,444 पर खुला और 176.70 अंक 1.03 फीसदी) की गिरावट के साथ 17,412.90 पर बंद हुआ।

# डीजीसीए ने स्पाइसजेट के दो बोइंग विमानों का पंजीकरण रद्द किया

**नई दिल्ली ।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइसजेट के दो बोइंग 737-800 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। इस बीच कंपनी ने कहा कि इन विमानों को सहमति के साथ लौटाया जा रहा है। स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने कहा कि दो विमानों की वापसी से उसके परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। नियामक की वेबसाइट पर जारी सूचना के अनुसार, डीजीसीए ने क्रमशः छह और नौ मार्च को वीटी-एसजेडके और वीटी-एसवायए को अपंजीकृत कर दिया। केप टाउन संधि के तहत पट्टेदार और ऋणदाता चूक होने की स्थिति में पट्टे पर लिए गए विमान का पंजीकरण रद्द करने की मांग कर सकते हैं। इस तरह के अनुरोध अपरिवर्तनीय विपंजीकरण और निर्यात अनुरोध प्राधिकरण (आईडीईआरए) के तहत किए जाते हैं। प्रवक्ता ने कहा` कि एक विमान लंबी अवधि के लिए जमीन पर है और उसे पहले ही वापस किया जाना था। दूसरे विमान को इंजन में कुछ समस्या के कारण वापस किया जा रहा है। दोनों विमानों को सबसे कुशल तरीके से सहमति से वापस किया जा रहा है। इससे हमारे कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस समय स्पाइसजेट के बेड़े में कितने विमान है, इसका पता नहीं चल सका है। गौरतलब है कि पिछले साल अगस्त में कंपनी के छह बोइंग-737 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया था।




# मेडिकल एसोसिएशन द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया

**अभिषेक गौड़/ सर्वहित भारत**

**कस्बा बहसूमा** मे दिनांक 19 मार्च दिन रविवार को बहसूमा मेडिकल एसोसिएशन द्वारा एक मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन हुआ जो निम्न प्रकार है अध्यक्ष करनैल जी ( पंजाब मेडिकोज कैलाशपुरी बहसूमा) उपाध्यक्ष राकेश कौशिक ,वरिष्ठ महामंत्री रजनीश कुमार महामंत्री सुधीर अहलावत मंत्री विकास अग्रवाल कोषाध्यक्ष अंकुर गोयल नवनियुक्त कार्यकारिणी के गठन होने पर बहसूमा व्यापार मंडल बहसूमा मेरठ द्वारा नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत व अभिनंदन किया जिसमें प्रमुख रुप से संरक्षक महेश अ ज राडिया के नेतृत्व में अध्यक्ष आशीष सिंघल वरिष्ठ महामंत्री विपुल अग्रवाल प्रांतीय सदस्य मोहित सिंघल लघु उद्योग अध्यक्ष आदेश सोनी अर्जुन सर्राफ युवा अध्यक्ष अमन गोयल जी आदि की उपस्थिति में माल्या अर्पण कर स्वागत किया

# बुजुर्ग जीवन भर अपने ज्ञान और अनुभव से हमारा मार्गदर्शन करते हैं




**कुरुक्षेत्र, (राकेश कशयप)।** भाजपा के जिला महामंत्री जसविंदर सिंह सैनी व भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के मेम्बर मास्टर सत प्रकाश सैनी ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा होते हैं जो जीवन भर अपने ज्ञान और अनुभव से हमारा मार्गदर्शन करते हैं। बड़ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। इस युग में सामाजिक मेलजोल खुशी की कुंजी है। जिस समाज में महिलाओं बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता वह समाज विकास नहीं कर सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि अपने बुजुर्ग मां-बहनों का सम्मान करें।सैनी ने कहा कि यह भी बेहद जरूरी है कि हम सभी अपने बच्चों को बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना रखने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि अगर आप उन्हें यह सीख नहीं देंगे तो आपके बच्चे आपके साथ भी वैसा ही व्यवहार करेंगे। सामाजिक संबंध सुखी और आनंदमय जीवन की एक अच्छी कुंजी है। हमें उन्हें परिवार, दोस्तों और समुदाय से जोड के साथ उन्हें मानसिक रूप से सक्रिय रखना चाहिए। हमें बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें कभी बोझ नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे और वृद्ध एक समान हैं, दोनों के पास जाकर सुनना पड़ता है। बुजुर्गों से समाज में हमें पहचान मिलती है और उनके द्वारा दिखाए सही रास्तों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। अक्सर देखा गया है कि वृद्ध अवस्था में बुजुर्ग स्वयं को अकेला महसूस करने लगते हैं जबकि परिवार का पालन पोषण करने में सारी उम्र गुजार देते हैं।



# छोटे हाथी में 4 गोवंश पशु को परिवहन कर गोकशी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

## गोवंश संरक्षण स्क्वाड हरिद्वार टीम ने 4 गोवंश पशु को सकुशल भिजवाया गौशाला

**संवाददाता श्याम सुन्दर /सर्वहित भारत**

दिनांक 19-03-2023 को उत्तराखंड गौवंश संरक्षण स्क्वायड गढ़वाल परिक्षेत्र हरिद्वार टीम को गोकशी की रोकथाम गोकशी, गौहत्या व गौतस्करी की रोकथाम के दौरान ग्राम खेमपुर लंढोरा के पास मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि वाहन संख्या वढ12इळ3363। छोटे हाथी में एक व्यक्ति कुछ गोवंशो को गोकशी के लिए लादकर ग्राम मतलूबपुरा जैनपुर लेकर जा रहा है। सूचना पर ग्राम मोहम्मदपुर फाटक से लगभग 100 मीटर पहले ही उक्त वाहन छोटे हाथी को रोका गया तो वाहन से 4 गोवंश पशुओं को क्रूरता पूर्वक रस्सी से कसकर बांधे हुए पाया गया तथा वाहन से ड्राइवर की सीट के पीछे से गोकशी उपकरण छुरी, कुल्हाड़ी एवं सुआ बरामद हुआ तथा वाहन चालक फरमान पुत्र इकबाल निवासी मोहल्ला झोझवान कस्बा पुरकाजी थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। जिस ने पूछताछ पर बताया कि वह उक्त चार गोवंश पशुओं को गोकशी के लिए सारिक पुत्र हफीजी निवासी ग्राम गाधला, थाना भोपा, जनपद मुजफ्फरनगर से ग्राम मतलूबपुरा जैनपुर उत्तराखंड में तस्लीम उर्फ बोतल व सुलेमान उर्फ सुला के पास लेकर जा रहा था जहां पर हम सब मिलकर जंगल में गोकशी करने वाले थे। लेकिन पहले ही पकड़ा गया। मौके पर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त फरमान एवं अन्य अभियुक्त गण के विरुद्ध कोतवाली लक्सर में मु0अ0सं0- 251/23 धारा 3/6/11 उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया बरामद 4 गोवंश पशुओं को गौशाला सभा चामुंडी रुड़की में दाखिल किया गया उक्त अभियुक्त की तलाश जारी है तथा उक्त सभी अभियुक्त गण का आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है

# अज्ञात नम्बर से आई विडियो काल को रिसीव ना करें-गुरप्रीत सिहं

**कुरूक्षेत्र(राकेश कशयप)/सर्वहित भारत**



मल्टीमीडिया फोन को प्रयोग करने वालों को सावधान रहने की अपिल करते हुए गुरप्रीत सिहं अधिवक्ता एंव प्रदेश प्रवक्ता श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ भारत ने कहा कि आज कल साइबर अपराधी बहुत सक्रीय हो रहे हैं। साइबर अपराधी फेसबुक, इंस्टाग्राम या किसी अन्य माध्यम से लड़कियों के नाम से व्हटसएप्प व फेसबुक पर अपनी आईडी से फ्रैंड बनाकर चैटिंग करना शुरू कर देते हैं। साईबर ठग दोस्ती करने के बाद रात के समय उनके पास फेसबुक मैसेंजर या व्हटसअप पर विडियो काल करके न्यूड विडियो बना लेते हैं। वह अपने फोन में स्क्रीन रिकोर्डर आन करके युवकों की विडियो रिकार्ड कर लेते हैं। इस प्रकार साईबर अपराधी भोले-भाले लोगों के पास वीडियो कॉल करके न्यूड वीडियो वायरल करने के धमकी देकर रुपयों की मांग करके पैसे ठग लेते हैं । आमजन से अपील है कि किसी भी अज्ञात नम्बर से आई आडियो, विडियो व्यटसएप काल को रिसीव ना करें ।गुरप्रीत सिहं ने कहा की विशेषकर युवा वर्ग साइबर अपराधियों के के झांसे में जल्दी आ जाते हैं उनका निशाना भी युवा वर्ग अधिकतर होता है इसलिए युवा वर्ग सोशल एकांउट चलाते समय विशेष सावधानी बरते।इस प्रकार की सावधानी आपके जीवन को सरल सहज तो बनाती ही है ओर अवसाद ग्रस्त जीवन से भी बचाती है।

# आज रहेंगे कर्मचारी हड़ताल पर

**पिहोवा(राकेश कशयप)/सर्वहित भारत**



सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित बिजली विभाग की यूनियन ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के पिहोवा यूनिट सचिव गुरचरण संधु ने कहा कि कल उत्तर प्रदेश में बिजली के कर्मचारी 16 मार्च से हड़ताल पर हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है। कर्मचारी नेताओं को निलंबित किया गया है और सैकड़ों कर्मचारियो को नौकरी से निकाल दिया गया है। इसलिए आप इस तानाशाही सरकार के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रकट करते हुए उत्तर प्रदेश बिजली विभाग कर्मचारियो के समर्थन में सभी कर्मचारी 20 तारीख दिन सोमवार को बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी सब अर्बन सब डिवीजन गुहला रोड पिहोवा के कार्यालय पर उतर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

# जिलाधिकारी जौनपुर अनुज कुमार झा ने शाम तक जिला वासियों को बिजली बहाल होने का दिया आश्वासन

**सर्वहित भारत**

**जौनपुर:** जिले की विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए जिला प्रशासन पूरी ताकत झोंक दिया है । जिलाधिकारी अनुज कुमार झा हाईडिल पहुंचकर परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे बिजली कर्मचारियों से परिसर को खाली कराकर पुलिस का पहरा बैठा दिया। । डीएम ने मीडिया को बताया कि बिजली व्यवस्था बहाल कराने की प्रक्रिया चल रही आज शाम तक पूरे जिले में बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बिजली व्यवस्था में खलल डालने वाले 5 लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है , 117 सविंदा कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है।
उधर आंदोलनरत कर्मचारियों ने आज विद्युत भंडारण केंद्र में डेरा डालकर धरना प्रदर्शन कर रहे है।



# पूर्व विधायक पवन सैनी को प्रदीप कुंद्रा ने किया बुक्का देकर सम्मानित, कहा कि डॉ पवन सैनी है मिलनसार व्यक्ति।

**पिपली( राकेश कश्यप )/सर्वहित भारत**

भाजपा नेता व सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के मेंबर प्रदीप कुंद्रा लाडवा के पूर्व विधायक व भाजपा के महामंत्री पवन सैनी से उनके कार्यालय पर मिले और हमको बुक्का देकर सम्मानित किया। प्रदीप कुंदरा ने कहा कि हमारे लाडवा के पूर्व विधायक पवन सैनी एक मिलनसार व्यक्ति हैं जिनकी देखरेख में लाडवा में चहुमुखी विकास हुआ है ओर अब भी हो रहा है। प्रदीप कुंद्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जो कि आम और गरीब व्यक्ति के प्रति कार्य कर रही है और हमें चाहिए कि हम प्रत्येक व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी की गतिविधियों में भाग लें और देश में अपनी भागीदारी अदा करें।

# आगामी त्योहार हिंदू नव वर्ष को लेकर भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी संगठन की बैठक का किया गया आयोजन



**सर्वहित भारत**
**संवाददाता श्याम सुन्दर**

दिनांक 19/03/2023 को भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी संगठन की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें हरिद्वार जिले के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में बैठ का आयोजन किया गया जिसमें कुछ मुद्दों पर चर्चा ओए साथी एक दूसरे के विचार सुने गए ताकि भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा सके विशेष रूप से चर्चा की गई साथ ही सभी हिंदू भाइयों को एक प्लेटफार्म पर आ सके क्योंकि भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी किसी जाति विशेष पर कार्य नहीं करता है भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी संगठन जाती से ऊपर उठकर कार्यकर्ता है ताकि जाती का भेद भाव खत्म किया जा सके साथी आगामी हिंदू नव वर्ष पर्व को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई की अपने संगठन की ओर से किस तरह से हिंदू नव वर्ष मनाया जाए और बैठक में उपस्थित रहे झबरेड़ा विधानसभा अध्यक्ष रमेश चंद्र महामंत्री विश्वास इसम सिंह सतपाल सैनी मंगलौर नगर अध्यक्ष बाबूराम प्रजापति आदि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे



**कानपुर मे चल रही भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति मे शामिल अहलकार सिंह नागर**

# यदि आप पार्क में टहलने जा रहे है तो हो जाये सावधान, शहर के विंध्यवासिनी पार्क में सुबह टहलने गए युवक की पल्सर गाड़ी को चोरों ने उड़ाया

**सर्वहित भारत**

**गोरखपुर** - उपेंद्र कुमार सिंह पुत्र श्री राम जतन सिंह निवासी नौसड थाना गीडा के रहने वाले प्रतिदिन की तरह आज भी मोहद्दीपुर स्तिथ वी पार्क ( विंध्यवासिनी पार्क) में अपनी पल्सर गाड़ी वढ - 53 , ऊख - 3645 , से आज सुबह पार्क में टहलने गए थे। गाड़ी मालिक उपेंद्र कुमार सिंह पार्क में टहलने के बाद जब बाहर निकले तो उनकी पल्सर गाड़ी जहां पर गाड़ी को खड़ा किया था तो वहां से उनकी पल्सर गाड़ी गायब मिली, घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है। पल्सर गाड़ी गायब होने की सूचना उपेंद्र कुमार सिंह ने डायल 112 पुलिस को फोन करने दे दिया। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उचित कानूनी कार्रवाई किया। गाड़ी गायब होने की सूचना को पीड़ित ने मोहदीपुर पुलिस चौकी को भी दे दिया है।

हिंदी दैनिक समाचार पत्र विज्ञापन रेट
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650 स्क्वायर सेंटीमीटर
1650×25=41250
बैक पेज रेट
हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650×15=24750
स्क्वायर सेंटीमीटर बैक पेज रेट
प्रथम पेज का विज्ञापन जस्ट बेक पेज के डबल है
मध्यम पेज का विज्ञापन बैक की पेज के विज्ञापन का आधा है
जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें 9837558066 82797 84237

# साधन सहकारी समिति चुनाव में निर्विरोध घोषित किये गए : कुलदीप शर्मा

**सर्वहित भारत**
**राजू चौधरी**



**बुलन्दशहर : शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव हजरतपुर में साधन सहकारी समिति में होने वाले चुनाव में निर्विरोध प्रत्याशी चुने गए कुलदीप शर्मा, जिनको नो वार्डो के डायरेक्टरों ने अपनी सहमति बनाते हुए कुलदीप शर्मा, को निर्विरोध चुना हालांकि इस चुनाव में दावेदारों की भी मौजूदगी रही कुलदीप शर्मा, को निर्विरोध चुनने पर काफी जोश के साथ स्वागत किया गया और फूल मालाओं के साथ मिठाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं सभापति द्वारा सोसाइटी में किसानों को खाद आदि वितरण में भी किसी समस्या का सामना न करना पड़े इस विषय मे भरपूर सुधार किए जाने की बात रखी गई इस कार्यक्रम में मुकेश पंडित पूर्व ब्लांक प्रमुख, जगवीर, विजेन्द्र दत्त शर्मा, धमेंद्र शर्मा, विष्णु प्रधान, डोरी लाल शर्मा, शशि नेता, विजय शर्मा, मनवीर प्रधान, कालीचरण, सहित काफी लोग मौजूद रहे ।**